संक्षेप

## सरयू नहर में गिरकर अधेड़ की मौत



कटरा, श्रावस्ती। नवीन मॉडर्न थाना क्षेत्र के ग्राम कल्याणपुर निवासी उपेंद्र पांडे (45 वर्ष) पुत्र चक्रधारी पांडे की सरयू नहर में गिरकर मौत हो गई। बताया गया कि उपेंद्र पांडे नहर के पुल पर बैठकर गुटखा चबा रहे थे, तभी अचानक चक्कर आ जाने से वे नहर में गिर पड़े। सरजू नहर में तेज बहाव होने के कारण उनका शव करीब दो किलोमीटर दूर मरवटिया नहर पुल पर जाकर फंस गया। स्थानीय ग्रामीणों द्वारा शोर मचाने और प्रयास करने के बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पाकर थाना नवीन मार्डन प्रभारी निरीक्षक शंभूनाथ सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को बाहर निकलवाया। फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल की। शव का पंचनामा भरकर परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम हेतु भिनगा भेज दिया गया। मृतक उपेंद्र पांडे अपने पीछे पत्नी, तीन पुत्र और तीन पुत्रियां छोड़ गए हैं। पुत्रों में शिवपूजन (10 वर्ष), साहिल (8 वर्ष), लक्की (6 वर्ष) तथा पुत्रियों में सुप्रिया (22 वर्ष), सुनैना (20 वर्ष) और सतरूपा (15 वर्ष) शामिल हैं। इस दुखद घटना से गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

## अज्ञात चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का मुकदमा

प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ शनिवार की रात गैरइरादतन हत्या का केस दर्ज किया है। उदयपुर थाना के मंगापुर माफीदार का पुरवा निवासी जगन्नाथ के पुत्र दयाराम सरोज ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि बीती चैबीस फरवरी को उसका लड़का अनुज लालगंज आया हुआ था। अमावां चैराहे के समीप शाम पांच बजे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में उसके बेटे की मौत हो गयी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने व गैरइरादतन हत्या का केस दर्ज किया है।

## किशोरी के साथ दुष्कर्म, आरोपी के खिलाफ केस

प्रतापगढ़। उदयपुर पुलिस ने पीड़िता के साथ दुष्कर्म को लेकर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पीड़िता के नाबालिग होने को लेकर पास्को एक्ट भी लगाया है। थाना क्षेत्र के एक गांव की पीड़िता ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि सात माह पूर्व उसकी नाबालिक लड़की बकरी चराने गांव के बाहर गयी थी। वहां पूरे नोहर रांकी निवासी सीताराम गुप्ता पुत्र रामभरोस गुप्ता ने किशोरी को अकेला देख धमकाते हुए दुष्कर्म किया। पीड़िता गर्भवती हुयी तब परिजनों से रो रोकर आप बीती सुनाई। तहरीर के आधार पर पुलिस ने शनिवार की रात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। उदयपुर पुलिस द्वारा आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

## गाजीपुर में जमीन के लिए माता-पिता और बहन की हत्या

गाजीपुर। जिले में जमीन के एक टुकड़े की खातिर रविवार को एक व्यक्ति ने अपने माता-पिता और बहन की कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या कर दी। पुलिस अधीक्षक ईराज राजा ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र के डीलिया गांव में अभय यादव नामक व्यक्ति ने अपने पिता शिवराम यादव (65), मां जमुनी देवी (60) और बहन कुसुम देवी (36) की कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ प्रहार करके हत्या कर दी। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। शुरुआती जांच में पता चला है कि अभय अपने माता-पिता द्वारा छोटी बहन कुसुम को जमीन का एक हिस्सा देने से नाराज था। इसी को लेकर उसने दोपहर में तीनों की कुल्हाड़ी से प्रहार करके हत्या कर दी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि हत्या के बाद आरोपी भाग गया। उसे पकड़ने के लिए पुलिस की टीम बनाई गई हैं। मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे गये हैं।

# यूरिया की 550 बोरियां जब्त

## छापेमारी कर दुकान सील



सिद्धार्थनगर- कृषि विभाग ने खाद तस्करी की एक साजिश का भंडाफोड़ किया है। शनिवार की रात करीब 12 बजे जिला कृषि अधिकारी मोहम्मद मुजम्मिल ने पुलिस बल के साथ सिकरी बाजार स्थित शिवम् ट्रेडिंग कंपनी पर छापा मारा। कार्रवाई के दौरान पाया गया कि एक ट्रक से 550 बोरी यूरिया बिना किसी वैध दस्तावेज के दुकान में अनलोड किया जा चुका था। मौके पर कोई अभिलेख न दिखाए जाने पर दुकान को तत्काल सील कर दिया गया। जिला कृषि अधिकारी को गुप्त सूचना मिली थी कि सिकरी बाजार स्थित शिवम् ट्रेडिंग कंपनी पर देर रात एक ट्रक से अवैध रूप से यूरिया उतारा जा रहा है। सूचना के आधार पर टीम ने जब शनिवार की रात लगभग 12 बजे छापा मारा, तो ट्रक से यूरिया पहले ही दुकान में अनलोड किया जा चुका था। पूछताछ में दुकानदार किसी भी प्रकार का वैध इनवॉइस, परिवहन दस्तावेज या अभिलेख प्रस्तुत नहीं कर सका।

प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि जब्त की गई यूरिया की खेप देवरिया जनपद से भेजी गई थी और इसका प्रेषक संतोष कुमार नामक व्यक्ति है। आशंका जताई जा रही है कि इस यूरिया को अवैध रूप से नेपाल भेजने की योजना थी। सीमावर्ती क्षेत्रों में लंबे समय से खाद की तस्करी की शिकायतें मिल रही थीं। जिला कृषि अधिकारी मोहम्मद मुजम्मिल ने कहा, ₹शिवम् ट्रेडिंग कंपनी में बिना किसी वैध अभिलेख के 550 बोरी यूरिया अनलोड की गई थी। यह खाद देवरिया से ट्रक द्वारा लाई गई और नेपाल भेजने की योजना थी। हमने तत्काल दुकान सील कर दी है। मोहाना थाना को तहरीर दे दी गई है, और मुकदमा दर्ज कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## नौकरी और पैसे का लालच देकर धर्म बदलने का दबाव, पीड़ितों ने एसपी से लगाई गुहार

सिद्धार्थनगर- धर्मांतरण का बड़ा जाल सामने आया है। जिले में छांगुर बाबा जैसे विवादित धर्मगुरु पर हुई कार्रवाई के बाद अब पीड़ित खुलकर सामने आ रहे हैं। हाल ही में दो ऐसे मामले सामने आए हैं, जिन्होंने जिले की कानून व्यवस्था और सामाजिक ताने-बाने को झकझोर दिया है। तेतरी बाजार के निवासी वीरेंद्र ने पुलिस अधीक्षक से मिलकर शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि मन्नौवर हुसैन नामक व्यक्ति ने उन पर नौकरी के नाम पर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया। वीरेंद्र का कहना है कि उनकी मुलाकात मन्नौवर से एक शादी समारोह में हुई थी। मन्नौवर ने वीरेंद्र को अपने गर्ल्स स्कूल में 9000 रुपये वेतन पर चपरासी की नौकरी का प्रस्ताव दिया। आर्थिक तंगी के कारण वीरेंद्र ने यह प्रस्ताव स्वीकार कर लिया। कुछ दिन काम करने के बाद मन्नौवर ने उन्हें मुस्लिम धर्म अपनाने का दबाव डालना शुरू कर दिया। वीरेंद्र के अनुसार, मन्नौवर ने उन्हें धर्म परिवर्तन के बदले 10 लाख रुपये नकद और कतर में नौकरी दिलाने का लालच दिया। जब वीरेंद्र ने मना किया तो मन्नौवर ने सिद्धार्थनगर मुख्यालय अनूप नगर स्थित अपने मकान में उन्हें जबरन कलमा पढ़ाने की कोशिश की।

वीरेंद्र ने आरोप लगाया है कि मन्नौवर ने उन पर खतना कराने का दबाव डाला। विरोध करने पर गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी दी गई। वीरेंद्र का दावा है कि मन्नौवर नेपाल का निवासी है और नेपाल से पासपोर्ट बनवाकर कतर में अवैध हवाला और फंडिंग के कार्यों में संलिप्त है ! वीरेंद्र के अनुसार, मन्नौवर भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर धर्मांतरण का नेटवर्क चला रहा है। पुलिस अधीक्षक को दिए गए प्रार्थना पत्र में उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## महात्मा अय्यंकाली की पुण्यतिथि पर मेधावी हुए सम्मानित, योगदान पर चर्चा



लालगंज, प्रतापगढ़। खानापटटी स्थित राम स्वरूप राम अधीन गुप्ता इण्टर कालेज में शनिवार को महात्मा अय्यंकाली की पुण्यतिथि समारोहपूर्वक मनायी गयी। लोकप्रिय जनहित सेवा संस्थान के बैनरतले पुण्यतिथि समारोह का शुभारंभ विशिष्ट अतिथि विनोद मिश्र तथा समाजसेवी निरंजन प्रकाश तिवारी व डा0 अरूण द्विवेदी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं में छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। सफल मेधावियों को अम्बेडकर फाउण्डेशन नई दिल्ली की ओर से मेडल व प्रमाण पत्र प्रदान कर हौसला आफजाई की गयी। कार्यक्रम में छात्र छात्राओं द्वारा राष्ट्रीयतापरक मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गयी। वक्ताओं ने कहा कि महात्मा अय्यंकाली ने सामाजिक एवं राष्ट्रीय सुधारों के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान दिया है। कार्यक्रम में जयप्रकाश तिवारी ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संयोजन संस्था के सचिव निरंजन प्रकाश तिवारी व संचालन अधिवक्ता कुलभूषण शुक्ल ने किया। इस मौके पर अखिलेश, प्रदीप, मीना, अर्चना, शशि, राम अंजोर आदि रहे।

## अवैध गांजा तस्कर गिरफ्तार, 1.6 किलो बरामद




श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया के निर्देशन में जनपद में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर नियंत्रण हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत नवीन मॉडर्न पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। 26 जुलाई 2025 को थाना नवीन मार्डन प्रभारी निरीक्षक शम्भू सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम वीरपुर बाजार क्षेत्र में गश्त पर थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर बलुहा कब्रिस्तान, ग्राम नरपतपुर के पास घेराबंदी कर एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा गया, जिसकी पहचान नीरज तिवारी पुत्र गंगाराम तिवारी, निवासी वीरपुर खैरहनिया, थाना नवीन मॉडर्न के रूप में हुई। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से 01 किलो 600 ग्राम अवैध गांजा, 850 रुपये नकद व एक विवो मोबाइल बरामद हुआ। पूछताछ में अभियुक्त ने स्वीकार किया कि वह नेपाल से गांजा लाकर जिले सहित आसपास के क्षेत्रों में बिक्री करता था। इस संबंध में थाना नवीन मॉडर्न में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तारी टीम में प्रभारी निरीक्षक शम्भू सिंह, उपनिरीक्षक जितेन्द्र कुमार, उपनिरीक्षक, आरक्षी यशपाल यादव, विमलेश यादव, रजनीश यादव, संतोष कुमार एवं चालक प्रदीप कुमार शामिल रहे। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में मादक पदार्थों की तस्करी पर लगाम लगाने में बड़ी मदद मिलेगी।

# वादकारी व फरियादियों को मिल रहा त्वरित न्याय

- तहसीलदार बांसी का सार्थक प्रयास जारी
- सरकार को लाखों के राजस्व का लाभ पहुंचाने में अग्रणी रहे तहसीलदार बांसी

जिला संवाददाता (vol)

बांसी सिद्धार्थ नगर। फरियादियों को त्वरित न्याय सुलभ कराए जाने के लिए तहसीलदार मजिस्ट्रेट बांसी पीयूष कु0 श्रीवास्तव का सार्थक प्रयास जारी है, जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर 0 के दिए गए निर्देश के अक्षरसह अनुपालन में दायित्वों के प्रति क्रियाशील तहसीलदार बांसी द्वारा तहसील पर आने वाले फरियादियों को त्वरित न्याय सुलभ कराया जा रहा है, अविलंब फरियादियों की समस्याओ शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए , तहसीलदार मजिस्ट्रेट पीयूष कु0 श्रीवास्तव ने उन्हें न्याय सुलभ कराए जाने की मंशा से सार्थक प्रयास करते हुए फरियादियों की समस्याओ शिकायतों को गंभीरता से सुनवाई कर उन्हें त्वरित न्याय सुलभ कराया जा



रहा है, इसके पूर्व सरकारी जमीनों पर अनाधिकृत कब्जा करने वाले अतिक्रमणकारियों के अवैध कब्जा अतिक्रमण को बल पूर्वक हटवाते हुए सरकारी जमीनों को न सिर्फ अवमुक्त कराया गया, अपितु अवैध कब्जा धारकों के विरुद्ध सख्त रुख अख्तियार कर अनाधिकृत अतिक्रमण हटवाने सहित सरकार को लाखों के राजस्व का बड़ा लाभ भी पहुंचाया गया है, इतना ही नहीं तहसीलदार मजिस्ट्रेट बांसी पीयूष कु0 श्रीवास्तव के अपनाएं गये कार्य शैली एवं अथक प्रयास के चलते वादकारियों के दर्जनों लंबित मुकदमों का निस्तारण कर उन्हें भी त्वरित न्याय सुलभ कराया गया है जो कि तहसीलदार मजिस्ट्रेट पीयूष कु0 का सराहनीय कार्य योगदान माना जा रहा है, गणमान्यों की मानें तो तहसीलदार बांसी ने फरियादियों एवं वादकारियों को त्वरित न्याय सुलभ कराए जाने के साथ ,जिलाधिकारी डाक्टर राजा गणपति आर 0 के दिए गए निर्देश का अनुपालन कर जिलाधिकारी के अपेक्षाओं पर खरा उतरने का संकेत दिया गया है।

# भगवान भोलेनाथ संपूर्ण ब्रह्मांड के अधिष्ठाता

## बनीं नाथ मंदिर में कुलपति ने किया जलाभिषेक



श्रावस्ती। जनपद के ऐतिहासिक एवं पौराणिक स्थलों में शामिल बनीनाथ शिव मंदिर में सोमवार को माँ पाटेश्वरी विश्वविद्यालय बलरामपुर के कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) रविशंकर सिंह ने विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। इस अवसर पर उन्होंने मंदिर परिसर में दर्शन कर परिसर की दिव्यता का अनुभव किया। कुलपति प्रो. सिंह ने इस दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान भोलेनाथ संपूर्ण ब्रह्मांड के अधिष्ठाता हैं। उनकी श्रद्धापूर्वक आराधना से सभी प्रकार के कष्टों का नाश होता है। उन्होंने कहा कि बनीनाथ मंदिर न केवल श्रावस्ती का गौरव है, बल्कि यह पांडवकालीन सिद्ध स्थल भी है। यहाँ सच्ची आस्था से आने वाले भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। महामाया राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. धर्मेंद्र गुप्त ने कहा कि बनीनाथ मंदिर की पावन धरती पर आते ही मन को असीम शांति का अनुभव होता है। यह स्थल आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण है। इस मौके पर सीआरबी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य राजेश कुमार यादव, चंद्रभान शिक्षा सदन के प्रबंधक मुकेश विश्वकर्मा, वर्मा मंदिर के प्रबंधक प्रवीण कुमार बौद्ध, पंकज द्विवेदी, पं. दिलीप मिश्रा दुर्गा माई धाम सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। पूजा-अर्चना का माहौल भक्तिरस से सराबोर रहा।

## डीएम ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण



सिद्धार्थनगर- जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. ने रविवार को समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी की परीक्षा के लिए विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने परीक्षा को निष्पक्ष, नकलविहीन और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने की तैयारियों की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने सिद्धार्थ शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान करौंदा मशीना, रतन सेन डिग्री कॉलेज, रतन सेन इंटर कॉलेज और तिलक इंटरमीडिएट कॉलेज का भ्रमण किया। उन्होंने कंट्रोल रूम में लगे सीसीटीवी कैमरों, परीक्षा कक्षों और अन्य व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया। डॉ. गणपति ने केंद्र व्यवस्थापकों को परीक्षा को पूर्ण शुचिता, पारदर्शिता और शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के निर्देश दिए। उन्होंने नकल पर पूर्ण नियंत्रण रखने और किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने को कहा। जिलाधिकारी ने यह भी सुनिश्चित किया कि प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर पुलिस विभाग द्वारा पर्याप्त सुरक्षाबल तैनात किए गए हैं। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को समय पर ड्यूटी पर उपस्थित होने और अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा से करने के निर्देश दिए।

## पशु शेड दिलाने के नाम पर ग्रामीणों ने पूर्व प्रधान पर लगाया घोटाले का आरोप



बढ़नी सिद्धार्थनगर। विकास खंड बढ़नी क्षेत्र के ग्राम पंचायत चरिगवा गांव के कुछ ग्रामीणों ने पूर्व ग्राम प्रधान पर योजना का लाभ दिलाये जाने के नाम पर घोटाला करने का आरोप लगाया है। जिसमें कमलेश यादव की अगुवाई में पूर्व ग्राम प्रधान के ऊपर गांव निवासी कमलेश यादव ने करीब लाखों रुपये के घोटाला करने का आरोप लगाते हुए, उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री, जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी सिद्धार्थ नगर को लिखित रजिस्ट्री पत्र भेजकर जांच कराये जाने की मांग की है। साथ ही मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराई है। उनका कहना है कि हमारे ग्राम पंचायत चरिगवा में वर्ष 2019-20 व 2020-21 में गांव निवासी गंगाराम, शिव प्रसाद व केदार के नाम पर गौशाला काऊ शेड में मैटेरियल व लेबर का करीब लाखों रुपया पूर्व प्रधान ने ब्लॉक के अधिकारियों से मिली भगत कर निकाल लिया है ।शिकायतकर्ता ने प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं जनपद के जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी के पोर्टल पर शिकायत पत्र देकर तकनीकी टीम से इसकी जांच कराये जाने की मांग की है।

# बेहोशी का टीका देकर दुष्कर्म करने के आरोप में अस्पतालकर्मी गिरफ्तार

जिला संवाददाता (vol)

बलरामपुर। जिले में एक निजी अस्पताल में इलाज कराने गई एक महिला को बेहोशी का टीका देकर उससे दुष्कर्म करने के आरोप में अस्पताल के एक कर्मचारी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी।

पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने बताया कि घटना शुक्रवार को पचपेड़वा थाना क्षेत्र के विमला विक्रम अस्पताल में हुई। उनके अनुसार गैसड़ी इलाके की निवासी लगभग 28 वर्षीय महिला इलाज के लिए अस्पताल गई थी और इस दौरान, अस्पताल के एक कर्मचारी ने कथित तौर पर उसे बेहोशी का टीका लगाया जिसके बाद उससे दुष्कर्म किया। होश में आने के बाद महिला ने पुलिस से संपर्क किया और शिकायत दर्ज कराई।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपी योगेश पांडे को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले में जांच जारी है।

# युवा शिक्षक बच्चों को शिक्षा के साथ देते है जीवन का ज्ञान

## शिक्षक गरिमा शिविर में नैतिक शिक्षा पर दिया गया जोर



श्रावस्ती। दीप वाटिका मैरिज लान भिनगा में शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में शिक्षक गरिमा शिविर का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता जिला समन्वयक दधिबल सिंह ने की। शिविर में मुख्य अतिथि प्रो. डॉ. धर्मेंद्र कुमार गुप्ता, प्राचार्य, महामाया राजकीय डिग्री कॉलेज, श्रावस्ती एवं मुख्य वक्ता प्रदेश युवा समन्वयक जयप्रकाश वर्मा रहे। वर्मा ने कहा कि युवा शिक्षक बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ जीवन मूल्यों जैसे झ ईमानदारी, सच्चाई, कर्तव्यनिष्ठा, सहयोग व सम्मान का पाठ पढ़ाते हैं। इससे बच्चों में नैतिकता, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। प्राचार्य डॉ. गुप्ता ने कहा कि व्यक्ति के छोटे प्रयास से भी समाज में बड़ा परिवर्तन लाया जा सकता है। उन्होंने गायत्री परिवार द्वारा चलाए जा रहे नशा उन्मूलन, भ्रष्टाचार विरोधी अभियानों की सराहना करते हुए युवाओं से संस्कार आधारित जीवन अपनाने की अपील की। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी प्रवीण कुमार बौद्ध, बीनू राजपूत, प्रधानाचार्य चौधरी राम बिहारी बुद्ध इंटर कॉलेज राजेश कुमार यादव, शिवकुमार विश्वकर्मा, उदय राज मिश्रा, कविता पांडेय, विजय कुमार गुप्ता सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## मेडिकल कॉलेज में युवक की मौत ,परिजनों ने लगाया इलाज में लापरवाही आरोप



सिद्धार्थनगर- बेलसर निवासी मोहम्मद जहीर को शनिवार दोपहर गैस की शिकायत पर माधव प्रसाद मेडिकल कॉलेज लाया गया था। परिजनों का आरोप है कि उनकी हालत स्थिर थी, लेकिन इमरजेंसी में तैनात डॉक्टरों ने समय पर इलाज नहीं किया। इलाज में देरी और लापरवाही के चलते कुछ घंटों में ही उनकी मौत हो गई। जहीर के भाई ने बताया कि उन्होंने डॉक्टरों से रेफर करने की भी गुहार लगाई, लेकिन किसी ने उनकी बात नहीं सुनी। जैसे ही परिजनों को मौत की जानकारी मिली, इमरजेंसी वार्ड में हंगामा शुरू हो गया। परिजनों ने डॉक्टरों पर गलत इलाज और लापरवाही का आरोप लगाया। वे मृत शरीर को स्ट्रेचर पर डालकर निजी अस्पताल ले गए, इस उम्मीद में कि शायद वहां कुछ किया जा सके, लेकिन वहां के डॉक्टरों ने भी जहीर को मृत घोषित कर दिया। घटना के दौरान मौजूद एक और मरीज के परिजन ने आरोप लगाया कि अस्पताल की व्यवस्थाएं बेहद लचर हैं। उन्होंने बताया कि उनकी बेटी को पेट दर्द था, लेकिन डॉक्टरों ने तीन घंटे लाइन में लगवाकर अल्ट्रासाउंड करवाया, और फिर उसे गलत बताते हुए बाहर से जांच कराने की बात कह दी। पूरे मामले पर जब इमरजेंसी वार्ड के सीएमएस डॉ. ए.के. झा से मीडिया ने बात करनी चाही, तो उन्होंने कुछ भी बोलने से साफ इनकार कर दिया। अस्पताल प्रशासन की चुप्पी और लापरवाही को लेकर जनता में भारी असंतोष है। यह मामला न सिर्फ एक मरीज की मौत से जुड़ा है, बल्कि सरकारी अस्पतालों में इलाज की बदहाल व्यवस्था को भी उजागर करता है। अब आम जनता का सवाल है—क्या गरीबों की जान की कोई कीमत नहीं? क्या इलाज के नाम पर केवल इंतजार ही मिलेगा? लोग दोषी डॉक्टरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं।

# बाबा धाम में संगीतमयी सुंदरकांड व भजन संकीर्तन में उमड़े श्रद्धालु

- जगह – जगह हुए भंडारों में शिवभक्तों ने ग्रहण किया प्रसाद

**प्रतापगढ़।** बाबा घुइसरनाथ धाम में श्रावण माह के रविवार को भगवान शिव के भजन संकीर्तन व सुंदरकाण्ड में श्रद्धालुओं को भावविभोर देखा



गया। सांस्कृतिक मंच पर रायबरेली के अभयदाता मानस समिति के भजन गायक आशु शुक्ला की अगुवाई में संगीतमयी सुंदरकाण्ड में शिवभक्त रमे दिखे। वहीं भगवान शिव के मनमोहक भजनों की भी प्रस्तुतियों पर हर हर महादेव का जयघोष गूंज उठा। भण्डारे में भी श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम का संयोजन पं. त्रियुगी प्रसाद तिवारी व समाजसेवी फूलचन्द्र पाण्डेय ने किया। कार्यक्रम में आलोक पाण्डेय व त्रियुगी प्रसाद तिवारी एवं फूलचन्द्र पाण्डेय ने राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी के प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, प्रधानाचार्य डॉ. अमिताभ शुक्ल, अधिवक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल, पं. कैलासपति व भागवतभूषण पं. मनीषकृष्ण शास्त्री एवं समाजसेवी के.डी. मिश्र को भगवान शिव का चित्र एवं अंगवस्त्रम प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन रिंकल पाण्डेय ने किया। इस मौके पर लम्बू बाजपेयी, प्रमोद त्रिपाठी, रामचन्द्र तिवारी, रामकृष्ण तिवारी, राजू पाण्डेय, बड़े लाल तिवारी, संतोष शुक्ल, अंकित बाजपेयी, अरूण शुक्ल, गोपाल बाजपेयी, श्रीप्रकाश मिश्र आदि रहे। वहीं इनहन भवानी धाम में भी रविवार को हुए भण्डारे में कावंड़िया श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम का संयोजन पूर्व प्रधान बृजेश द्विवेदी एवं अधिवक्ता संजय द्विवेदी ने किया। भण्डारे में चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, अक्षत तिवारी, शास्त्री सौरभ, आचार्य राजेश मिश्र भी शामिल हुये। लालगंज कालाकांकर रोड पर भभया नगर में हुए भण्डारे में भी श्रद्धालुओं को पंक्तिबद्ध प्रसाद ग्रहण करते देखा गया।

## घुइसरनाथ धाम में आस्था का सैलाब



प्रतापगढ़। श्रावण माह के रविवार को बाबा घुइसरनाथ धाम में श्रद्धालुओं की एकाएक बढ़ी भीड़ को लेकर पुलिस व प्रशासन के पसीने छूटते दिखे। तीसरे सोमवार को लेकर प्रशासन तैयारी में जुटा दिखा। रविवार को अचानक सुबह नौ बजे से बाबा धाम में श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ गयी। पुलिस ने कई जगह रस्सी लगाकर श्रद्धालुओं को रोकने का प्रयास किया।

रविवार को महिलाओं की भीड़ भी अधिक होने से बारी बारी से दो लाइनें बनाकर मंदिर प्रबंधन समिति ने जलाभिषेक का प्रबन्ध शुरू कराया। मंदिर गेट पर उपनिरीक्षक राजेश शुक्ला फोर्स के साथ श्रद्धालुओं की भीड़ को संभालते दिखे। गर्भगृह में महंथ मयंक भाल गिरि भी मंदिर सेवा समिति के स्वयं सेवकों के साथ दर्शन पूजन के प्रबंधों में डटे दिखे। भीड़ अधिक बढ़ने की जानकारी मिलने पर सांगीपुर थानाध्यक्ष मनीष तिवारी भी फोर्स के साथ देउम चैराहे से अमावां तक पैदल ही भ्रमण करते दिखे।

## तेंदुए के हमले में छह साल के बच्चे की मौत

लखीमपुर खीरी। दक्षिण खीरी वन प्रभाग के गोला रेंज महेवागंज कस्बे के पास एक तेंदुए ने छह साल के बच्चे पर हमला कर उसे मार डाला। ग्रामीणों ने बताया कि बादल (6) अपने पिता के साथ शनिवार रात झोपड़ी के पास खुले में चारपाई पर सो रहा था, तभी एक तेंदुआ उसे खींचकर गन्ने के खेत में ले गया और उसे मार डाला। रविवार सुबह खेत से उसका शव बरामद किया गया। प्रभागीय वन अधिकारी संजय बिस्वाल ने तेंदुए के हमले में लड़के के मारे जाने की पुष्टि की।

संक्षेप

## साउथ अफ्रीका से युवक का पार्थिव शरीर गोरखपुर लाया गया



गोरखपुर। गोरखपुर सांसद रवि किशन शुक्ला ने एक बार फिर अपनी संवेदनशीलता, जिम्मेदारी और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय देते हुए साउथ अफ्रीका में मृत युवक के पार्थिव शरीर को भारत लाकर परिजनों तक पहुंचाने का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न कराया। गोरखपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के वार्ड नंबर 24, नौसड़ निवासी श्री संत गौंड के पुत्र राकेश गौंड की विगत दिनों साउथ अफ्रीका में दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति में मृत्यु हो गई थी। इस दुखद परिस्थिति में सांसद रवि किशन ने व्यक्तिगत रुचि लेते हुए विदेश मंत्रालय और भारतीय दूतावास से समन्वय स्थापित किया, आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी कराई और पार्थिव शरीर को स्वदेश लाने की व्यवस्था कराई। पार्थिव शरीर गोरखपुर पहुंचने पर सांसद रवि किशन के कार्यालय के सहयोगियों के द्वारा शव को सम्मानपूर्वक परिजनों को सौंपा। साथ ही परिवार को सांत्वना दी और हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। सांसद रवि किशन ने मृतक के परिजनों से दूरभाष पर भी वार्ता की और इस कठिन समय में उनके साथ खड़े रहने का आश्वासन दिया। उनकी इस मानवीय पहल के लिए पीड़ित परिवार ने गहरी कृतज्ञता प्रकट करते हुए कहा कि सांसद जी ने एक संरक्षक के रूप में जिस तरह सहयोग किया, वह कभी भुलाया नहीं जा सकता।

## विवाद ने लिया हिंसक रूप, दंपत्ति घायल

जसवंतनगर, इटावा। थाना क्षेत्र के ग्राम आलमपुर में शनिवार रात एक दंपति के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित विजय सिंह ने थाने में शिकायती पत्र देकर पड़ोसियों पर हमला करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है।

विजय सिंह के अनुसार, रात करीब 8.30 बजे वह अपने पड़ोसी किशुनलाल, सत्यवीर, रामसिंह और पूजा पत्नी किशुनलाल के पास गए थे। उन्होंने घर के पास रास्ते में बंधे जानवरों को हटाने का अनुरोध किया।

# सरकारी स्कूलों के विलय पर आप ने किया प्रदर्शन

## 27000 स्कूल बंद कर 27308 शराब की दुकानें खोल रही है योगी सरकारः विजय कुमार श्रीवास्तव




चरगांवा, गोरखपुर। उत्तर प्रदेश में 27000 सरकारी स्कूलों को बंद करने के मुद्दे पर योगी सरकार के खिलाफ आम आदमी पार्टी ने ₹ढपोरशंखों को जगाओ शंख बजाओ, स्कूल बचाओ अभियान₹ चलाकर चरगांवा विकास खण्ड के अंतर्गत आने वाले मेडिकल कॉलेज रोड स्थित प्राथमिक विद्यालय झुंगिया पर जोरदार विरोध प्रदर्शन दर्ज किया। पार्टी के कार्यकताओं, पदाधिकारियों और प्रमुख नेताओं ने प्रदेश के जिला मुख्यालयों पर इकट्ठे होकर योगी सरकार द्वारा 27000 सरकारी स्कूलों को बंद करने के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन का नेतृत्व करते हुए आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष विजय कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि योगी सरकार 27000 शराब की दुकाने खोलकर 27000 सरकारी स्कूलों को बंद करने जा रही है, आम आदमी पार्टी सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ नहीं होने देगी, इसलिए आप प्रदेश प्रभारी व सांसद संजय सिंह के आवाह्न पर योगी सरकार के इस फरमान के खिलाफ सड़कों पर संघर्ष करने उतर आई है। आम आदमी पार्टी इसके लिए प्रतिबद्ध है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहेगा।

इस अनोखे अभियान के तहत आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, शिक्षक, अभिभावक और बच्चों ने, जिले के बंद किए गए सरकारी प्राथमिक विद्यालय झुंगिया पर जाकर शंख बजाकर इस ढ्ढपोरशंख सरकारह्व को जगाने का प्रतीकात्मक प्रयास किया। इससे पहले जिलाध्यक्ष ने कहा कि ह्वआम आदमी पार्टी, सरकारी स्कूलों को बचाने की लड़ाई लड़ रही है, जबकि भाजपा स्कूल बंद करने में लगी है। एक तरफ सरकार प्रदेश में 27,308 शराब की दुकानें खोल चुकी है, वहीं दूसरी तरफ 27,000 से अधिक स्कूल बंद किए जा रहे हैं। इससे स्पष्ट है कि सरकार की प्राथमिकता बच्चों की शिक्षा नहीं है।ह्व

उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि यह डबल इंजन नहीं, ढपोरशंखों की सरकार है, जो बच्चों को अनपढ़ बनाकर रखना चाहती है। इसलिए अब समय आ गया है कि जनता खुद उठ खड़ी हो और इन ढपोरशंखों को जगाए। उन्होने यह भी बताया कि उत्तर प्रदेश हाईकोर्ट की डबल बेंच ने उन स्कूलों को बंद करने की प्रक्रिया पर फिलहाल रोक लगा दी है, जिन पर अभी अंतिम निर्णय नहीं हुआ है। लेकिन यह केवल आंशिक राहत है। यदि जनता की आवाज नहीं उठी तो सरकार दोबारा इन्हें बंद करने की कोशिश करेगी। जिलाध्यक्ष श्री श्रीवास्तव ने कहा कि आम आदमी पार्टी इस मुद्दे पर चुप नहीं बैठेगी और उत्तर प्रदेश के बच्चों के भविष्य को बचाने के लिए तब तक संघर्ष करेगी, जब तक सरकार इस तुगलकी फरमान को वापस नहीं लेती। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी 2 अगस्त को लखनऊ के इको गार्डन में ऐतिहासिक ₹स्कूल बचाओ आंदोलन₹ करेगी। जिलाध्यक्ष विजय कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि पार्टी द्वारा जारी नंबर- 75 0004 0004 पर मिस्ड कॉल करके आप भी इस क्रांति का हिस्सा बनिए और इन बच्चों के स्कूल इन्हें वापस दिलाइए। विरोध प्रदर्शन में प्रमुख रूप से रमेश शर्मा, आशीष कुशवाहा, निरंजन कुमार, ब्रजेश्वर द्विवेदी, अमिताभ जयसवाल, ताश इलाही, अभिषेक मिश्रा, सुशील कुमार यादव, अशोक विश्वकर्मा, डॉ वाहिद रहमान, विनोद पांडेय, दिवाकर व आकाश सिंह सहित तमाम अभिभावक भी मौजूद रहे।

## मन की बात के 124वें एपिसोड का भव्य आयोजन



इटावा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 124वें एपिसोड का सफल आयोजन रविवार को बूथ संख्या 260, सरकारी कोल्ड स्टोर, आनंदनगर स्थित मधुबन वाटिका में किया गया। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष अरुण कुमार गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता इंजीनियर हरिकिशोर तिवारी की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में जिले एवं मंडल स्तर के कई वरिष्ठ भाजपा कार्यकताओं और पदाधिकारियों ने भाग लिया। प्रमुख रूप से पूर्व विधायक व सांसद रघुराज शाक्य, पूर्व जिलाध्यक्ष अजय धाकरे, जिलामहामंत्री शिवाकांत चैधरी, पूर्व ब्लॉक प्रमुख अशोक चैबे, जिलामंत्री रजत चैधरी संयोजक वरिष्ठ नेता अरविंद दीक्षित, मंडल अध्यक्ष अनुग्रह सेंगर, नवल शुक्ला, कृष्ण मुरारी गुप्ता, अभिषेक मिश्रा, प्रभात चैधरी, विधानसभा संयोजक, रोहित चैधरी दीपनारायण शुक्ला, रोहित शाक्य, आकाश तिवारी, आनंद दीक्षित सहित अनेक गणमान्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संयोजक नीरज मिश्रा जिला सह संयोजक श्रम प्रकोष्ठ द्वारा आयोजन को सुचारु रूप से संपन्न कराया गया। सभी कार्यकताओं ने मन की बात कार्यक्रम को ध्यानपूर्वक सुना और प्रधानमंत्री के संदेशों को आत्मसात करते हुए जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। यह आयोजन पार्टी की जमीनी स्तर पर मजबूत पकड़ और संगठन की सक्रियता का परिचायक रहा।

## पूर्वांचल पत्रकार एसोसिएशन ने बैठक कर गिनाई उपलब्धियां




### संगठन के सभी साथियों में आई कार्ड वितरित

जिला संवाददाता (vol)

चौरीचौरा, गोरखपुर। पूर्वांचल पत्रकार एसोसिएशन तहसील इकाई चौरीचौरा की मासिक बैठक रविवार को झगहा स्थित एक कोचिंग सेंटर पर योगेंद्र मौर्य की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश महासचिव अनुशासन समिति सुमेर नाथ पाण्डेय रहे। बैठक के दौरान संगठन के साथियों में आई कार्ड वितरित किया गया। तथा संगठन के उपलब्धियों पर वृहद रूप से चर्चा की गई।

बैठक को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री पाण्डेय ने संगठन की उपलब्धियों पर विशेष रूप से चर्चा किया। उन्होंने कहा कि पत्रकार समाज का दर्पण होता है। पत्रकार देश का चौथा स्तंभ माना गया है। संगठन की सक्रियता से ही संगठन को मजबूत तथा विकासशील बनाया जा सकता है। बैठक में तमाम लोगों ने अपने अपने विचार रखे। कार्यक्रम के अन्त में संगठन के सभी उपस्थित साथियों को आई कार्ड देकर सम्मानित किया गया। उक्त अवसर पर अरविंद ओझा, महेश पासवान, वसीउलहक सिद्दीकी, डाक्टर जामीर अंसारी, वेदप्रकाश सिंह, रजत शुक्ला, जितेन्द्र गुप्ता रामसेवक पासवान, प्रेम सागर धर्मेंद्र पटवा रामसनेही प्रजापति प्रदीप श्रीवास्तव अमित कुमार दूबे समीर यादव विकास कुमार सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## सांसद रवि किशन ने गोरखपुर में आईआईटी स्थापना की सदन में फिर उठाई मांग



गोरखपुर। गोरखपुर के सांसद रवि किशन शुक्ला ने एक बार फिर लोकसभा में नियम 377 के तहत गोरखपुर में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान आईआईटी की स्थापना की मांग पुरजोर तरीके से उठाई है। उन्होंने कहा कि गोरखपुर न केवल उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल का सबसे बड़ा महानगर है, बल्कि यह शिक्षा, व्यापार और पर्यटन का भी अहम केंद्र बन चुका है। सांसद श्री शुक्ला ने सदन में कहा कि पूर्वांचल और बिहार के लगभग 20 ज़िले गोरखपुर पर अपनी विभिन्न जरूरतों के लिए निर्भर हैं। यहाँ रेलवे और एयरपोर्ट की बेहतरीन सुविधाएं हैं, लेकिन शिक्षा के क्षेत्र में एक आईआईटी की अनुपस्थिति यहां के मेधावी छात्रों के सपनों में बाधा बन रही है। उन्होंने कहा कि गोरखपुर और आसपास के जिलों के छात्र काफी मेधावी और प्रतिभाशाली हैं, लेकिन आर्थिक रूप से कमजोर, दलित और वंचित वर्ग के बच्चों को आईआईटी जैसी शिक्षा पाने के लिए दूरदराज के शहरों में जाना पड़ता है, जो कई बार संभव नहीं हो पाता। सांसद रवि किशन ने यह भी स्पष्ट किया कि अगर केंद्र सरकार गोरखपुर में क्ष्ढ्ढञ्ज की स्थापना का निर्णय लेती है, तो राज्य सरकार इस दिशा में आवश्यक सहायता और संसाधन उपलब्ध कराने को तत्पर है।

उन्होंने केंद्र सरकार से तत्काल निर्णय लेने का आग्रह किया ताकि इस क्षेत्र के लाखों छात्रों का भविष्य उज्ज्वल हो सके और पूर्वांचल के सर्वांगीण विकास को नई दिशा मिल सके। यह मांग क्षेत्रीय शिक्षा व्यवस्था को एक नई ऊंचाई देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है।

## संविधान मान स्तंभ स्थापना दिवस पर जनसभा का आयोजन



इटावा। सभागार जिला पंचायत में सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू की अध्यक्षता में आरक्षण दिवस के अवसर पर संविधान मानस्तंभ स्थापना दिवस मनाया गया, इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रमाशंकर राजभर सांसद सलेमपुर व विशिष्ट अतिथि अभिषेक यादव अंशुल अध्यक्ष जिला पंचायत, राघवेंद्र गौतम विधायक भरथना रहे। जनसभा को संबोधित करते हुए सांसद रमाशंकर राजभर ने देश के उपराष्ट्रपति जगदीश धनखड़ के हालिया इस्तीफे को लेकर बड़ा बयान देते हुए कहा कि यह इस्तीफा बीमारी के नाम पर नहीं बल्कि राजनैतिक दबाव का परिणाम है। उन्होंने कहा कि हाल ही में चर्चित आपरेशन सिंदूर जैसे मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए यह एक रणनीति बनाई गई। यदि उपराष्ट्रपति ने निजीकरणों से इस्तीफा दिया होता तो भाजपा के किसी वरिष्ठ नेता ने उनसे मुलाकात कर औपचारिकता विदाई दी होती परन्तु ऐसा कुछ नहीं हुआ। अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष फरहान शकील ने मौजूद जनता को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश व देश की भाजपा सरकार नाकारा सरकार है जो नौजवान विरोधी सरकार है इस सरकार में किसी को कोई रोजगार नहीं मिला इस सरकार ने पीडीए के लोगों का अपमान किया है। इस सरकार को जल्द ही समाजवादी लोग प्रदेश और देश से विदा करने का काम करेंगे। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व राज्यमंत्री रामसेवक यादव, पूर्वमंत्री अशोक यादव, पूर्व चेयरमैन सन्टू गुप्ता, पूर्व चेयरमैन फुरकान अहमद, शहर अध्यक्ष अब्दुल अंसारी, किशन यादव, अनीता यादव, लीलावती राजपूत, सीमा यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष राजीव यादव, सुनील यादव, केपी शाक्य, अनुज यादव मोंटी, सर्वेश शाक्य, उदयभान सिंह यादव, शहर अध्यक्ष अल्पसंख्क सभा साजिद अली अशरफी, अजेंद्र सिंह गौर सत्यनारायण शंखबार, अजय यादव गुल्लू, आशीष राजपूत, विनोद दोहरे, छात्रसभा जिलाध्यक्ष रवि यादव विधायक, रामफल वाल्मीक, राशिद अली अशरफी, आसिफ राईन छोटू, आसिफ मेव, आसिफ खान आदि मौजूद रहे। संचालन जिलामहासचिव वीरू भदौरिया ने किया। कार्यक्रम में पार्टी के समस्त राष्ट्रीय एवं प्रांतीय पदाधिकारी, जनपद के समस्त पदाधिकारी, सेक्टर प्रभारी, बूथ प्रभारी, जोन प्रभारी एवं जनपद की सम्मानित जनता उपस्थित रही।

## जान जोखिम में डाल कर कांवड़िए ट्रकों में लगा रहे काफी ऊंचाई पर डीजे व साउंड

### शिव भक्त सड़क के ऊपर बिजली के नंगे तार को उठा कर ट्रक को करा रहे पार




मझगांवा, गोरखपुर। श्रावण के पवित्र माह में शिव भक्त बड़हलगंज मां सरयू नदी में स्नान कर वहां से जल भरकर पैदल यात्रा कर पिपराइच में स्थित मोटे शिव मन्दिर पर जल चढ़ाते हैं। बड़हलगंज से लेकर पिपराइच तक कांवड़ियों की लम्बी लाइनें लगी हुई है कहीं कहीं एक लेन पुरी तरह बन्द हो जा रही। राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाम की स्थिति बन जा रही है तो वहीं कुछ गाड़ी चालक डिवाइडर पर गाड़ी चढ़ाकर दुसरे लेन में जा रहें हैं लेकिन प्रशासन व एन एच आई द्वारा कांवरियों की सुरक्षा का कोई ख्याल नहीं रखा जा रहा है।कांवरिए भी अपनी जान जोखिम में डालकर एक दुसरे से होड़ लगाने के चक्कर में ट्रकों पर 10 से 15 फीट के ऊंचे डीजे पर धुन बजाते हुए शिव मंदिर जा रहे हैं । अगर कोई घटना दुर्घटना घटित होती है तो उसकी जिम्मेदार प्रशासन के ऊपर मढ़ने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे।शिव भक्त बड़हलगंज से पिपराइच शिव मंदिर के लिए दस चक्का ट्रक पर डीजे साउंड दस से पंद्रह फिट ऊंचा रख कर जा रहें हैं ।सड़क के ऊपर से बिजली का तार डीजे को छू जा रहा है जिससे ट्रक निकल नहीं पा रहा है कांवरिया अपनी जान जोखिम में डाल कर नंगे तार को उठा कर कड़ी मशक्कत करने के बाद ट्रक को पार करा रहे हैं अगर थोड़ी सी चूक हुई तो एक बड़ा हादसा हो सकता है और लोग प्रशासन और पुलिस के ऊपर लापरवाही का ठीकरा फोड़ देंगे लेकिन इतना ऊंचाई ट्रकों पर डीजे सजा कर ले जाने की क्या जरूरत और इतना ही नहीं डीजे का साउंड इतना तेज बज रहा की कोई दिल का मरीज उस तेज गति बज रहे साउंड से गुजर जाए तो उस तेज गति के साउंड को बर्दाश्त नहीं कर पायेगा प्रशासन के इतने कड़े निर्देश के बाद भी शिव भक्त दिए गए निदेर्शों का पालन नहीं कर रहे। सबसे ऊंची और अधिक डी जे ले जाने की होड़ मची हुई है जो एक दिन घातक साबित होगी।

## जिले में हुई आरओ, एआरओ की परीक्षा



इटावा। 27 जुलाई दिन रविवार को उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित समीक्षा अधिकारी, सहायक समीक्षा अधिकारी की परीक्षा कराई गई।

जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने परीक्षा के दौरान विभिन्न परीक्षा केंद्रों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापन, प्रवेश प्रक्रिया, अभ्यर्थियों की कतार व्यवस्था, ट्रैफिक नियंत्रण, महिला एवं पुरुष पुलिस बल की तैनाती सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का मौके पर जाकर जायजा लिया तथा स्वयं भ्रमणशील रहकर निगरानी करते रहे। सभी संबंधित पुलिस अधिकारियों द्वारा सतर्क एवं संवेदनशील रहते हुए परीक्षा को पूर्णतरू शांतिपूर्ण, पारदर्शी और नकलविहीन वातावरण में सम्पन्न कराया। पुलिस की सतर्कता, कड़ी निगरानी एवं जनपद में कानून-व्यवस्था बनाए रखने की प्रतिबद्धता के फलस्वरूप परीक्षा पूर्णतः सुरक्षित, शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित रूप से सकुशल सम्पन्न करायी गयी।

## प्रधान परिवार के साथ मारपीट में 17 पर मुकदमा दर्ज

### घायल ग्राम प्रधान का भाई सुधीराम जिला अस्पताल रेफर



गोला, गोरखपुर। गोला थाना क्षेत्र के बनवारपार चौराहे पर शनिवार को कुछदिन पहले हुए मामूली विवाद को लेकर दूरूई गांव के ग्राम प्रधान के परिवार के सदस्यों को दर्जनों की संख्या में पहुंचे मनबढों ने घेरकर बुरी तरह पिटाई कर दिया। घटना में तीन लोग घायल हो गए। जिन्हें सीएचसी गोला भेजा गया। जहां चिकित्सकों ने गंभीर रूप से घायल ग्राम प्रधान के भाई सुधीराम को प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पीड़ित घायल की तहरीर पर 17 के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। जानकारी के मुताबिक, ब्लाक क्षेत्र ग्राम पंचायत दुरूई के ग्राम प्रधान बेचू प्रसाद का भाई सुधीराम पुत्र विश्वनाथ शनिवार की अपरान्ह बनवारपार चौराहे पर बैठकर अपनी बाइक बनवा रहे थे।

इसी दौरान डड़िया गांव का मनबढ़ साहिल पुत्र हरिश्चंद्र अपने दो दर्जन मनबढ़ साथियों के साथ वहां पहुंचकर उन्हे घेरकर पीटने लगे। बचाने पहुंचे उनके परिवार के अन्य सदस्यों को भी बुरी तरह पिटाई कर दिया। मनबढों के हमलों ग्राम प्रधान के परिवार के सुधीराम (28) वर्ष, जवाहर (35) वर्ष, दिनेश(50) वर्ष समेत तीन सदस्य घायल हो गए। जिन्हें लोगों ने आनन-फानन में सीएचसी गोला पहुंचाया। चिकित्सकों ने सभी घायलों का इलाज किया तथा घायल सुधीराम की हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पीड़ित घायल सुधीराम की तहरीर पर आरोपित साहिल पुत्र हरिश्चंद्र समेत सत्रह लोगों पर बी एन एस की धारा 191/2, 191/3, 190, 115/2, 118/1 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच-पड़ताल कर रही है। तो वही दूसरा पक्ष भी पुलिस को तहरीर देने की बात कर रहा है।

ग्राम प्रधान बेचू प्रसाद ने बताया कि कुछ दिन पहले साहिल अपनी बाइक से दुरुई गांव होते कही जा रहा था। उसकी बाइक से एक मासूम बच्ची को धक्का लग गया था। जिस पर सुधीराम का परिवार और लोग एकत्र होकर उसको बुरा-भला कहे थे। इसी बात की खुन्नस को लेकर साहिल ने साथियों संग मारपीट किया है।

## स्मिता यादव ने तीज क्वीन का खिताब जीता

इटावा। जायंट्स ग्रुप ऑफ इटावा मैत्री ने सौंदर्य और प्रेम के त्योहार हरियाली तीज को बड़ी आस्था और उमंग के साथ मनाया। मैत्री सदस्यों ने पूरे साज श्रृंगार और पारम्परिक परिधानों के साथ त्यौहार मनाया कार्यक्रम में सबका तिलक वंदन करके और सावन के उपहार स्वरूप बिंदी का पत्ता और मेंहदी के कोन देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पर भगवान गणेश, शिव पार्वती, राधा कृष्ण के भजनों की शानदार प्रस्तुति रमा यादव, पूनम गुप्ता और वर्षा चैबे ने दी। ऋतु अग्रवाल व डॉ तृप्ती यादव ने कविता की। कार्यक्रम के आयोजक प्रेरणा जैन, शीतल माहेश्वरी, प्रीती जैन और एकता बंसल ने कई गेम्स और हाउजी खिलवाई गई तथा सभी विजेताओं को पुरस्कार भी दिए गए। विजेता नीतिमा गुप्ता, सोमिका वर्मा, ममता केसरवानी, किरन गुप्ता, सीमा किन्द्रा, स्मिता यादव, पूनम शर्मा को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। हरियाली तीज कार्यक्रम में स्मिता यादव को तीज क्वीन का खिताब दिया गया। कार्यक्रम में सारिका अग्रवाल, प्रीती जैन, शीतल माहेश्वरी, अपर्णा अग्रवाल, नीतिमा गुप्ता, पूनम शर्मा, अरुणा सिंह ,ममता केसरवानी, वर्षा चैबे, प्रेरणा जैन, यति यादव, स्वीटी वर्मा सावन के गानों पर नृत्य किया। कार्यक्रम में राजश्री वर्मा, राजरानी अरोरा, कमलेश यादव, तारा यादव, कल्पना राय, रश्मि पालीवाल, डॉ श्रीति सिन्हा, छाया सिंह, स्वेता अग्रवाल, जागृति अग्रवाल, विदुषी पालीवाल, और चंद्रकांता जैन मौजूद रहीं।

## पूर्व सैनिक रघुवंशी लाल का निधन

जसवंतनगर, इटावा। क्षेत्र के गाँव गढ़ी रामधन थाना बलरई निवासी पूर्व सैनिक रघुवंशी लाल के निधन की खबर से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। उनकी अंतिम यात्रा में सैनिक प्रकोष्ठ टीम ने पहुंचकर उन्हें सैनिक सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी। टीम के सदस्यों ने रघुवंशी लाल के पार्थिव शरीर को तिरंगे में लपेटकर सलामी दी।

## सैफई प्रेस क्लब का गठन, वीपी सिंह बने अध्यक्ष

### पत्रकारों को वितरित किए गए बीमा व सदस्यता आईडी कार्ड



**इटावा।** प्रेस क्लब भवन, इटावा में रविवार को पत्रकारों के बीमा और सदस्यता आईडी कार्ड वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी अवसर पर तहसील सैफई के पत्रकारों के लिए प्रेस क्लब सैफई का गठन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से अखबार के पत्रकार वीपी सिंह को अध्यक्ष चुना गया। प्रेस क्लब सैफई की नवगठित कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष अखिलेश तिवारी, महामंत्री प्रदीप यादव, संयुक्त सचिव अनुज गौड़, कोषाध्यक्ष दिलफूल दिवाकर, मीडिया प्रभारी अवनीश यादव तथा कार्यकारिणी सदस्य गोविंद पाल को मनोनीत किया गया। अध्यक्षता प्रेस क्लब के अध्यक्ष दिनेश शाक्य ने की, जबकि मुख्य अतिथि जिला बार एसोसिएशन के महामंत्री देवेंद्र पाल उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि इस्लामिया इंटर कॉलेज के प्रवक्ता कुश चतुर्वेदी ने सहभागिता की। जिलेभर से आए पत्रकारों की उपस्थिति में यह आयोजन गरिमामय रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रेस क्लब के सदस्यों को बीमा प्रमाणपत्र व सदस्यता आईडी कार्ड वितरित किए गए। प्रेस क्लब के महामंत्री विशुन चैधरी, उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह चैहान, वीरेश मिश्रा एवं वरिष्ठ सदस्य रामनाथ सिंह यादव ने यह वितरण संपन्न कराया। प्रेस क्लब इटावा प्रत्येक सदस्य को तीन लाख रुपये का दुर्घटना बीमा कवर प्रदान करता है।

महामंत्री विशुन चैधरी ने अपने संबोधन में कहा कि पत्रकारिता जनसेवा का माध्यम है, लेकिन आज की पत्रकारिता मूल उद्देश्य से कुछ भटक गई है। ऐसे में संगठित होकर जिम्मेदार पत्रकारिता करना समय की मांग है। पत्रकार अमित तिवारी ने नवोदित पत्रकारों से संवाद करते हुए कहा कि पत्रकारिता दोधारी तलवार की तरह होती है इसमें लापरवाही से स्वयं पत्रकार को भी नुकसान पहुंच सकता है। इसलिए हर समाचार से पहले गहराई से सोच-विचार करना चाहिए। प्रेस क्लब सैफई के नवनिर्वाचित अध्यक्ष वीपी सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा, यह पद मेरे लिए गौरव और जिम्मेदारी दोनों है। हमारा प्रयास रहेगा कि सैफई क्षेत्र के पत्रकारों की एकजुटता बढ़े, उन्हें संरक्षित और संगठित वातावरण मिले। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार ब्रजेश शुक्ला, संजय सक्सेना, प्रदीप शर्मा दोस्त, तारिक शम्सी, शावेज नकवी, दिलीप छोटू, नीलकमल, प्रेरणा जुबैरी, प्रवीण दुबे, रजत सिंह समेत जिले भर के दर्जनों पत्रकार मौजूद रहे।

## 38 प्रतिशत परीक्षार्थियों ने दी आरओ, एआरओ परीक्षा

जसवंतनगर, इटावा। रविवार को आरओ, एआरओ की परीक्षा यहाँ के चार केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुई। पारदर्शिता और शुचितापूर्ण परीक्षा संपन्न करने के लिए चारों केन्द्रो पर उच्चअधिकारी भ्रमणशील रहे। हर केंद्र पर इस बार एक-एक सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक, अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक की व्यवस्था की गई थी। पुलिसिंग व्यवस्था भी चाक चैबंद रही। परीक्षा केंद्र पर पर्याप्त पुलिस बल मौजूद रहा। उप जिलाधिकारी कुमार सत्यम जीत, क्षेत्राधिकारी आयुषी सिंह, इंस्पेक्टर रामसहाय सिंह केंद्रों गतिशील रहकर निरीक्षण कर अपडेट लेते रहे।

## सूचना

सूचित हो कि मेरे पासपोर्ट में त्रुटिवश मेरा नाम Masoom Beg व पत्नी का नाम Aisha दर्ज है, जबकि मेरे आधार कार्ड, बैंक व अन्य सभी दस्तावेजों में मेरा सही नाम Masoom Baig व पत्नी का सही नाम Aysha Begam दर्ज है। मेरे पासपोर्ट में भी मेरा व मेरी पत्नी का सही नाम दर्ज किया जाये।
**मासूम बैग मकसूम बैग निवासी- 154, हरीगंज, कालपी, जालौन, उत्तर प्रदेश।**

## गुमशुदगी



**उषा देवी** उम्र करीब 48 वर्ष पत्नी रामचंद्र निवासी भोलापुरवा बक्सी का तालाब लखनऊ **रंग गोरा लम्बाई** लगभग 4 फिट **दिनांक 22/07/2025** की शाम लगभग 4.45 बजे घर से सफेद दुपट्टा, सफेद सलवार व कथई कलर का कुर्ता पहन कर निकली, तब से घर वापस नहीं आई, जिसकी गुम होने की सूचना बक्शी का तालाब थाने में पंजीकृत है। जिस किसी को इस महिला के सन्दर्भ में जानकारी हो कृपया जानकारी नीचे लिखें नंबरों पर दे। जानकारी देने वाले व्यक्ति को उचित सम्मान दिया जायेगा।
**6387804644, 9336278133, 9198059291 व 8299807687**

# सावन का तीसरा सोमवार आज, हजारों की तादाद में जुटे श्रद्धालु



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) छोटी काशी में सावन के तीसरे सोमवार को लेकर पूर्व संध्या पर हजारों की तादाद में कांवड़ियों ने डेरा जमा लिया। भारी भीड़ को देख एसडीएम, सीओ व कोतवाल पुलिसकर्मियों को दिशा निर्देश देते नजर आये। वहीं कांवड़ियों को लेकर आने वाले तथा भारी वाहन शहर सीमा पर ही रोक दिए गए। मंदिर क्षेत्र सहित पूरे शहर में फोर्स और खुफिया अमले के जवान लगाए गए हैं।

कहते हैं कि भगवान भोले शिव की पूजा वैसे तो साल भर होती है लेकिन सावन में शिव पूजा का विशेष महत्व है इसीलिए शिव नगरी गोला में आषाढ़ी के बाद से ही शिव भक्तों का तांता लगना शुरू हो जाता है। कांवड़िये उत्तराखंड के हरिद्वार, बदायूं के कछला घाट, फरूर्खाबाद के ढाई घाट, घटिया घाट आदि गंगा के घाट तथा सरयू, शारदा आदि दूर दूर के घाटों से जल लाकर अवढ़रदानी भोले शंकर का जलाभिषेक करते है। प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी शहर में लाखों शिव भक्त भजनों पर नाचते गाते, रंग गुलाल उड़ाते और केसरिया वस्त्र पहने कांवरियों के जत्थे भी दूर दूर से यहां पहुंच रहे हैं और पूरा मंदिर क्षेत्र जयकारों से गुंजायमान बना रहता है। यूं तो भीड़ हर रोज ही हो रही है लेकिन सावन के सोमवारों को अवढरदानी के जलाभिषेक की कामना हर शिवभक्त में होती है जिससे मनोवांछित फल का विधान भी पुराणों में वर्णित है, इसलिए श्रद्धालु चाहते हैं कि शिव की पूजा अर्चना व जलाभिषेक सोमवार को ही हो। रविवार को पुलिस ने मंदिर, तीर्थ सरोवर, मंदिर तक पहुंचने वाली गलियों, स्टेशन रोड, लखीमपुर रोड, मोहम्मदी रोड व अलीगंज रोड सहित विभिन्न सड़कों का जायजा लेकर सुरक्षा प्रबंध जांचे। संदिग्ध लोगों को चिन्हित करने के लिए खुफिया अमला भी सतर्क किया गया है। सीसीटीवी कैमरों से भीड़ की निरंतर निगरानी की जाएगी तथा बाहर से आने वाले यातायात को शहर सीमाओं से बाहर ही रोका जाएगा। श्रद्धालुओं के जत्थों को पैदल ही मंदिर तक आना होगा तथा विभिन्न चैराहों पर भी यातायात नियंत्रण के लिए फोर्स लगा रहेगा।

## ट्राली से गिरकर कांवड़िये की मौत

पिपरिया धनी, खीरी।(वीओएल) हरदोई जिले से छोटी काशी में ट्रैक्टर ट्राली से कांवर चढ़ाने आ रहे एक कांवड़िये की ट्राली से नीचे गिरने से मौके पर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हरदोई जिले के थाना शाहबाद के ग्राम रामपुर हृदय निवासी 22 वर्षीय कांवडियां आशुतोष गुप्ता पुत्र रामू अपने साथियों के साथ छोटी काशी में जलाभिषेक करने आ रहा था। रामू पीछे ट्राली पर सो रहा था। इसी दौरान रेहरिया चौकी क्षेत्र के साहबगंज के पास ट्राली से नीचे गिर गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे चौकी प्रभारी हिमांशु आनन्द शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## ट्राली पलटने से एक कांवड़िया की मौत दो घायल

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) सावन माह में कांवड़ यात्रा के दौरान एक दर्दनाक हादसा हो गया। थाना पढुआ के ग्राम लखाही से कांवड़ लेकर गोला आ रहे श्रद्धालुओं का जत्था जब नेशनल हाइवे 730 पर ग्राम करनपुर के पास पहुंचा, तो उन्होंने सड़क के दोनों ओर ट्रैक्टर-ट्राली खड़ी कर विश्राम करना शुरू कर दिया।

इसी दौरान, लखीमपुर की ओर से आ रहे एक अन्य कांवड़ियों से भरे ट्रैक्टर-ट्राली, जिसमें दो ट्रालियां जुड़ी थीं, का पिछला लॉक अचानक खुल गया। ट्राली अनियंत्रित होकर आराम कर रहे कांवड़ियों पर चढ़ गई, जिससे कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस ने सभी घायलों को प्राथमिक इलाज के लिए सीएचसी फरधान भिजवाया, जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। इस हादसे में अरुण कुमार शुक्ल पुत्र श्रीकांत शुक्ल, निवासी ग्राम लखाही की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। जबकि अनुज कुमार शुक्ल को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया और आयुष मिश्रा का जिला अस्पताल में इलाज जारी है, जिनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने हादसे में शामिल ट्रैक्टर-ट्राली को कब्जे में ले लिया है।

संक्षेप

## फूलपुर में फंदे पर झूला अधेड़

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) कोतवाली क्षेत्र के फूलपुर गांव में पारिवारिक कलह के चलते एक अधेड़ ने घर में ही फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेजा है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम फूलपुर निवासी राज कुमार का 55 वर्षीय पुत्र शिव कुमार का शव घर के कमरे में ही फंदे पर झूलता मिला।इससे घर में कोहराम मच गया। सूचना पुलिस को दी गई। बताते हैं कि शनिवार की शाम शिव कुमार की अपनी पत्नी से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी।जिससे उसने क्षुब्ध होकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) कोतवाली क्षेत्र में अलीगंज लखीमपुर रोड पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दलेल नगर निवासी 40 वर्षीय रामनरेश शनिवार की देर रात बाइक से कहीं जा रहे थे कि अलीगंज लखीमपुर रोड पर मुस्तफाबाद गुरुद्वारे के पास अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे उनकी मौत हो गई। राहगीरों ने बाइक और युवक को रोड पर पड़ा देखा तो पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर पुलिस ने मौके पर पहुंचे शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## विधायक ने सदस्यता दिलाई

मोहम्मदी खीरी। कस्बा में बड़ी संख्या में लोगों ने भाजपा की नीतियों से समझौता कर सदस्यता ग्रहण की है। पंचायती राज सभापति लोकेंद्र प्रताप सिंह ने अपने निवास पर कस्बा के दानिश खां, मिर्जा रकील वेग, फैजान, अरमान, हुजैफा मलिक, इकबाल जैद, रियाज लाल, असद खान, अजीमुद्दीन जावेद वेग और काशिफ खान समेत लगभग 40 लोगों को भाजपा की प्राथमिक सदस्यता दिलाई है।

## धर्मांतरण करने वाले पति-पत्नी सहित तीन गिरफ्तार

शाहजहांपुर ।जनपद में धर्मांतरण का खेल जोरों पर जारी है ,शाहजहांपुर में धर्मांतरण की लगभग दर्जनभर घटनाएं अभी तक सामने आ चुकी हैं।पिछले दिनों शाहजहांपुर के सिधौली थाना क्षेत्र में धर्मांतरण को लेकर लिखे गए एक मुकदमे का खुलासा करते हुए पुलिस ने पति-पत्नी सहित तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।पकड़े गए पदम्नाभन उर्फ पोस्टर जोशुआ , किरण जोशुआ सिंधौली की रहने बाली और उनका साथी असनीत राठौर जो कि राघवपुर सिकंदरपुर निगोही का रहने बाला है। बताया जा रहा है कि धर्मांतरण का मुख्य आरोपी पदमनाभन उर्फ पास्टर जोशुआ तमिलनाडु का रहने वाला है और वहीं से उनके खातों पर करोड़ों रुपए का लेनदेन भी हुआ है ।पति-पत्नी का यह गैंग शाहजहांपुर के ग्रामीण क्षेत्रों में भोले भाले गरीब लोगों को पैसे का लालच देकर उनका धर्मांतरण कराया करता था ।पुलिस ने अपनी जांच में पाया है की इन पति पत्नी के बैंक खातों में कई लाख रुपए बाहर से ट्रांसफर किए गए हैं ।इससे साफ होता है कि यह पति-पत्नी मिलकर गरीब लोगों को पैसे का लालच देकर धर्म परिवर्तन कराया करते थे।

## सरस्वती शिशु वाटिका में तीज पर्व आयोजन




गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) सरस्वती शिशु वाटिका में तीज स्पेशल बैगलेस दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें श्रावण मास की पारंपरिक व सांस्कृतिक महत्ता से विद्यार्थियों को परिचित कराया गया। श्रावण मास के उपलक्ष्य में तीज स्पेशल बैगलेस एक्टिविटी दिवस का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन एवं स्वागत पूजन से किया गया। शिक्षिका रिया वर्मा ने क्ले आर्ट, मेहंदी आर्ट, डेकोरेशन, फैंसी ड्रेस के बारे में जानकारी दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य रामकुमार वर्मा ने बच्चों को तीज पर्व पर अपने विचार व्यक्त किये। आयोजन में भारतीय संस्कृति की झलक और बाल प्रतिभाओं की रचनात्मक अभिव्यक्ति देखने लायक बनी। कार्यालय प्रमुख ने विद्यार्थियों के लिए सूक्ष्म जलपान की व्यवस्था कराई। शिशु वाटिका संचालिका ने आए हुए अतिथि का आभार व्यक्त किया।

## युवती के मंगेतर ने की थी मुंह दबाकर हत्या



लखीमपुर खीरी। कोतवाली सदर क्षेत्र में शुक्रवार की देर रात 20 वर्षीय युवती का शारदा नहर के पास मिला शव के मामले में मंगेतर ही निकला युवती का कातिल। कोतवाली सदर पुलिस द्वारा हत्या की घटना का खुलासा करते हुए युवती का मंगेतर जितिन शर्मा पुत्र स्व0 श्यामा चरन शर्मा को गिरफ्तार कर लिया है।

27 जुलाई 2025 को थाना कोतवाली सदर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 599/25 धारा 103(1)/238ए बीएनएस में अभियुक्त जितिन शर्मा पुत्र स्व0 श्यामा चरन शर्मा को लालपुर तिराहा के पास से गिरफ्तार किया गया। कोतवाली सदर पुलिस के मुताबिक थाना कोतवाली सदर पर मुरारी लाल पुत्र रामदयाल नि0 मूडा निजाम थाना मोहम्मदी ने तहरीर दी कि उनकी पुत्री-नन्दनी शर्मा उम्र लगभग 20 वर्ष कही चली गई है, जिसके सम्बन्ध में गुमशुदगी नं0 70/2025 पंजीकृत की गई। दिनांक 26 जुलाई 2025 की रात्रि को ही गुमशुदा नन्दनी शर्मा का शव थाना खीरी क्षेत्र से बरामद हुआ था। पुलिस द्वारा मृतका के शव का पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम परीक्षण में मृत्यु का कारण मुंह दबाकर नंदिनी की हत्या करना पाया गया। जांच के दौरान मृतका के सीडीआर व अन्य साक्ष्य संकलन के आधार पर अभियुक्त जितिन शर्मा पुत्र स्व0 श्यामा चरन शर्मा का नाम प्रकाश में आया, जिसके आधार पर अभियुक्त जितिन शर्मा को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो अभियुक्त जितिन शर्मा ने बताया कि मृतका नन्दनी शर्मा व अभियुक्त जितिन शर्मा एक दूसरे से प्यार करते थे तथा आपसी व पारिवारिक मतभेद के चलते अभियुक्त जितिन शर्मा ने नन्दनी शर्मा को अपने साथ गाड़ी में लेकर जाकर नन्दनी शर्मा का गला दबाकर हत्या कर दी। साक्ष्य मिटाने हेतु शव को छुपा दिया। गिरफ्तार अभियुक्त जितिन शर्मा पुत्र स्व0 श्यामा चरन शर्मा नि0 ग्राम भूड़ी थाना निगोही जनपद शाहजहांपुर है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में नि0 अपराध हरिप्रकाश यादव, उ0नि0 रमेश कुमार कनौजिया, हे0का0 दिलीप कुमार शामिल रहे।

## 7924 अभ्यर्थियों ने छोड़ी आरओ-एआरओ परीक्षा

जिला संवाददाता(vol)

- डीएम-एसपी ने किया केंद्रों का औचक निरीक्षण, हर स्तर पर रहा प्रशासन मुस्तैद

लखीमपुर खीरी। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, प्रयागराज द्वारा आयोजित आरओ-एआरओ परीक्षा



रविवार को जनपद के 36 परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा और प्रशासनिक सतर्कता के बीच शांतिपूर्वक एवं नकलविहीन माहौल में सम्पन्न हुई। परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी और व्यवस्थित बनाने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय रहा।

जनपद के कुल 14849 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 6925 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जबकि 7924 अनुपस्थित रहे। सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में परीक्षा सम्पन्न हुई। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या अव्यवस्था की कोई सूचना नहीं मिली। परीक्षा के दौरान डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल एवं एसपी संकल्प शर्मा स्वयं मॉनिटरिंग मोड में रहे। दोनों अधिकारियों ने जीजीआईसी, डॉन बॉस्को स्कूल, अजमानी इंटरनेशनल स्कूल समेत कई परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया और केंद्र व्यवस्थापकों, सेक्टर तथा स्टैटिक मजिस्ट्रेटों से व्यवस्थाओं की जानकारी ली।निरीक्षण के दौरान डीएम ने निर्देश दिए कि आयोग के दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन हो तथा परीक्षार्थियों को शांत, सुरक्षित और भयमुक्त वातावरण मिले। एसपी ने पुलिस बल को सतर्क और संवेदनशील रहने के निर्देश दिए। परीक्षा को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने हेतु 36 सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं 36 स्टैटिक मजिस्ट्रेट प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर तैनात किए गए थे। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा नामित समन्वयी पर्यवेक्षकों ने भी केंद्रों की सतत निगरानी की।

### एडीएम ने संभाली व्यवस्था, परीक्षा केंद्रों पर विशेष नजर

अपर जिलाधिकारी नरेंद्र बहादुर सिंह ने गोला गोकर्णनाथ पहुंचकर परीक्षा केंद्र केन गोवर्स कॉलेज, पब्लिक इंटर कॉलेज, गुरुनानक कन्या इंटर कॉलेज आदि केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने केंद्राधिकारियों को परीक्षा के प्रत्येक चरण में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## दुधवा टाइगर रिजर्व में मनाया गया टाइगर डे

जिला संवाददाता(vol)

पलियाकलां-खीरी। ग्लोबल टाइगर डे के अवसर पर विगत वर्षों में मॉनिटरिंग उच्च स्तरीय अधिकारी क्षेत्रीय वन अधिकारी, उप प्रभागीय वन अधिकारी, वन्य जीव प्रतिपालक स्वयं उपनिदेशक दुधवा टाइगर रिजर्व प्रभाग



विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन होता रहा है। इस वर्ष भी विश्व बाघ दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन प्रस्तावित है।

रविवार को दुधवा टाइगर रिजर्व प्रभाग पलिया की समस्त रेंजों में लॉन्ग पेट्रोलिंग का आयोजन किया जा रहा है। प्रत्येक रेंज में इस हेतु गठित टीमों द्वारा निरंतर 24 घंटे एम स्ट्राइप्स की सहायता से गस्त की जाएगी। जिसकी समीक्षा/खीरी द्वारा किया जाएगा। मानसून पेट्रोलिंग हेतु प्रभागीय स्तर से गठित गश्ती दल द्वारा भी ग्लोबल टाइगर डे के उपलक्ष्य में प्रस्तावित लांग पेट्रोलिंग का शुभारंभ दुधवा पर्यटन परिसर से किया गया। जगदीश आर0 उपनिदेशक दुधवा टाइगर रिजर्व प्रभाग पलिया के निर्देश में महावीर सिंह वन्य जीव प्रतिपालक दुधवा द्वारा हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ कराया गया।

## किसान से हुई लूट का खुलासा

धौरहरा खीरी। बीते मंगलवार को किसान से हुई लूट का धौरहरा पुलिस ने किया खुलासा। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर लुटे गए पैसों के साथ एक अभियुक्त व एक बाल अभियुक्त सहित घटना मे प्रयोग की गई बाइक बरामद की। जानकारी के अनुसार कस्बा धौरहरा के बाहर बसंतापुर रोड पर पशु बाजार धौरहरा से भैसा बेचकर आ रहे किसान से दिन दहाड़े बाइक सवार अज्ञात बदमाशों ने एक लाख बीस हजार रुपए लुटकर फरार हो गए थे। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया था पुलिस अधीक्षक खीरी ने घटना स्थल का मौका मुआयना किया था और जल्द से जल्द घटना के खुलासे के लिए निर्देशित किया था पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश मे जुटी थी। रविवार को क्षेत्राधिकारी धौरहरा शमसेर बहादुर सिंह व प्रभारी निरीक्षक धौरहरा सुरेश मिश्रा ने किसान से लूट की घटना का खुलासा किया। सीओ धौरहरा ने बताया की पीड़ित किसान से एक लाख बीस हजार रुपए लूटने वाले अभियुक्त 19 वर्षीय प्रेमकुमार उर्फ पप्पू पुत्र उत्तम कुमार निवासी ग्राम खजुहा लौकाही मल्लापुर थाना ईसानगर व एक बाल अभियुक्त को ढखेरवा सिसैया हाइवे पर वन रेंज कार्यालय के पास से घटना में प्रयोग की गई हीरो स्पलेंडर बाइक यू पी 31 सी एच 9775 व आरोपी के घर से लूटे गए कुल पैसो मे से एक लाख बारह हजार रुपए बरामद करते हुए गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार मिश्रा, उप निरीक्षक वीरेंद्र सिंह, उप निरीक्षक विलियम कौशिक, कांस्टेबल सोभित कुमार, विनीत कुमार और रोहित कुमार शामिल रहे।

## चीनी मिल ने गोला जा रहे कांवड़ियों के लिए कराया भंडारा

पलिया कलां खीरी। बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल पलिया द्वारा कांवड़ यात्रा लेकर जाने वाले कांवड़ियों के लिए चीनी मिल गेट पर एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे का उद्घाटन चीनी मिल के यूनिट हेड ओ पी चौहान ने किया।हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कांवड़ लेकर जाने वाले कांवड़ियों के लिए पूड़ी सब्जी , चना हलवा एवं फल वितरण का आयोजन चीनी मिल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सहयोग से किया गया, निघासन, संपूर्णानगर, चंदन चौकी आदि स्थानों के लोग शारदा नदी से जल लेकर कांवड़ यात्रा की शुरूआत करते हैं तथा छोटे काशी नाम से विख्यात गोला गोकर्णनाथ में स्थित शिव मंदिर में जलाभिषेक करते हैं। जिसमें आने जाने वाले कांवड़ियों को बजाज हिंदुस्थान चीनी मिल पलिया के गेट नंबर दो पर विशाल भंडारे का आयोजन किया।इस अवसर पर चीनी मिल के अधिकारी उदय प्रताप सिंह, राजीव तोमर, संजीव दूवे, विकास मलिक, सतीश श्रीवास्तव, मोहित अवस्थी, मनोज मिस्त्र, वीरेन्द्र सिंह , प्रवीन खोखर, हरीश जोशी, शिव सिंह बजेठा, अशोक आरा, सुरेंद्र पांडे, सतीश सिंह, उपस्थित रहे तथा सभी ने प्रसाद वितरण में सहयोग किया। इससे पूर्व यूनिट हेड ने भगवान श्री शंकर जी की आराधना कर माल्यार्पण किया। तत्पश्चात भंडारे का शुभारंभ किया गया।

## आरओ-एआरओ परीक्षा केन्द्र का एसपी ने किया निरीक्षण

शाहजहाँपुर। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी द्वारा आरओ-एआरओ प्रारम्भिक परीक्षा 2025 के सफल, पारदर्शी एवं नकलविहीन आयोजन हेतु जी0एफ0 कॉलेज, शाहजहाँपुर स्थित परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा परीक्षा केन्द्र में स्थापित कैमरा मॉनिटरिंग रूम का अवलोकन करते हुए संपूर्ण सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। मॉनिटरिंग सिस्टम के माध्यम से परीक्षा कक्षों में लगे सीसीटीवी कैमरों की लाइव फीड की समीक्षा की गई, ताकि परीक्षा के दौरान अनुचित गतिविधियों पर पूर्णतः नियंत्रण रखा जा सके। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा परीक्षा केन्द्र पर तैनात सुरक्षा बल, पर्यवेक्षकगण तथा अन्य सम्बन्धित अधिकारियों से संवाद कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि परीक्षा अवधि के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा शिथिलता कदापि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान केंद्र की सुरक्षा, यातायात व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण तथा बाहरी व्यक्ति की निषेधाज्ञा सम्बन्धी प्रबंधों का गहन निरीक्षण किया गया तथा समस्त कार्मिकों को सतर्क व अनुशासित रहकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने हेतु प्रेरित किया गया।पुलिस अधीक्षक ने यह भी कहा गया कि जनपद में सभी परीक्षा केन्द्रों पर शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष परीक्षा सुनिश्चित कराने हेतु पुलिस प्रशासन पूर्णतः सजग व सतर्क है।

## डॉ.ए के तिवारी चिकित्सा क्लिनिक का उद्घाटन

सिंगाही खीरी। कस्बे के पुराने बस स्टैंड पर समीप डॉ. ए के तिवारी चिकित्सा क्लिनिक का उद्घाटन रविवार को अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान कस्बे के एमबीबीएस डॉ एमआर सेठी में डॉ अरूण कुमार तिवारी को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं। इस दौरान सरजू सहकारी चीनी मिल के पूर्व उपाध्यक्ष गुरजीत सिंह बब्बू ने बताया कि कस्बे में छोटे बच्चों व बुजुर्गों की बीमारियों व लकवे के इलाज के लिए बेहतर सुविधा का अभाव था। अब इस क्लिनिक के माध्यम विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा बेहतर इलाज संभव हो सकेगा। यह जानकारी देते हुए चिकित्सक डॉ. ए के तिवारी ने बताया कि यहां बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ समुचित इलाज की व्यवस्था की जा रही है। यहां सभी प्रकार के इलाज किया जाएगा। इस दौरान डॉ हनुमान तिवारी, अध्यापक बलविंदर सिंह, उत्तम कुमार सोनी, अशोक वर्मा, सभासद राहूल गुप्ता, बब्लू अग्रवाल, मंजीत सिंह, कुलदीप सिंह, श्याम मोहन सहित नगर के सम्भ्रांत लोग व चीनी मिल के कर्मचारी मौजूद रहे।

## कलश यात्रा के साथ श्री शिव महापुराण कथा का शुभारंभ

शाहजहांपुर। प्रत्येक वर्षों की भांति इस बार भी खिरनीबाग रामलीला मैदान में सायं 4 बजे से 8 बजे तक श्री शिव महिमा का गुणगान.. किया जा रहा है श्री शिव महापुराण कथा शुभारंभ से पहले नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र से सैकड़ो की संख्या में विश्वनाथ मंदिर शाहजहांपुर टाउन हॉल एकत्रित हुई श्रद्धालु महिलाओं ने कलश यात्रा में भाग लिया कलश यात्रा टाउन हॉल से चलकर खन्नौत नदी तट पर आकर कलश में महिलाओं ने जल भरा और एक कलश यात्रा पुनः खिरनी बाग रामलीला परिसर में जाकर समापन किया गया। इस कार्यक्रम में 4 अगस्त को पूर्णाहुति के साथ पार्थिव शिवलिंग पर हजारों श्रद्धाजनों द्वारा रुद्राभिषेक किया जाएगा । 5 अगस्त को भंडारे का भव्य आयोजन किया जाएगा..उपरोक्त जानकारी देते हुए कथा आयोजक हरिशरण बाजपेई एवं नीरज बाजपेई द्वारा समस्त जनपद वासियों से श्री शिव महापुराण कथा में पहुंचने की अपील की गई है। कलश यात्रा टाउन हॉल से चलकर बड़ीघूमधाम और बैंड बाजे के साथ बड़े हर्ष उल्लास से सैकड़ो महिलाएं शामिल हुई।

## रेलवे सीओ ने जीआरपी थाना का किया निरीक्षण

आजमगढ़। सावन माह में रेल यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए गोरखपुर अनुभाग के बलिया सर्किल के क्षेत्राधिकारी सविरत्न गौतम ने शनिवार को जीआरपी थाना आजमगढ़ का औचक निरीक्षण किया। सबसे पहले गार्द की सलामी ली। उसके बाद उन्होंने थाने में मौजूद अभिलेखों के रख-रखाव, जनसुनवाई डेस्क, महिला हेल्प डेस्क, मालखाना, नवागत थाना भवन, नवागत पुलिस बैरक और मेस कक्ष की स्थिति की विस्तार से जांच की। साथ ही स्टेशनों पर चौकसी बरतने के निर्देश दिए। गोरखपुर अनुभाग के बलिया सर्किल के क्षेत्राधिकारी सविरत्न गौतम ने निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी बीबी राजभर को निर्देश दिया कि त्योहार और सावन के मौके पर स्टेशन पर आने वाले यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा के लिए अतिरिक्त सतर्कता बरती जाए। साथ ही महिला यात्रियों की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई के लिए महिला हेल्प डेस्क को पूरी तरह सक्रिय रखने का निर्देश दिया। सीओ ने कहा कि भीड़भाड़ वाले समय में रेलवे स्टेशन पर अपराधियों की गतिविधियां बढ़ जाती हैं, ऐसे में सतर्क रहना और समय-समय पर सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा करना आवश्यक है। उन्होंने पुलिस बल को हर हाल में यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने को कहा और यात्रियों को डायल 112, 1090, व 108 के बारे में विस्तार से जानकारी देने का निर्देश भी दिए। वह थाने पर तीन घंटे से अधिक समय तक निरीक्षण किए इसके बाद वह 07 बजे चले गए। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक बी बी राजभर, उपनिरीक्षक धर्मराज, हेड दीवान दीपक पटेल, राणा प्रताप, इस्तेयाक अहमद, विजय कुमार, नीरज कुमार, सुरेश कुमार, जितेंद्र यादव, नवीन कुमार, राजेश कुमार, विनय कुमार, विक्रमादित्य मौर्य, धीरज यादव सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहें।

## हरियाली तीज पर अग्रवाल महिला सभा ने कराई प्रतियोगिताएं



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) हरियाली तीज के उपलक्ष्य में अग्रवाल महिला सभा द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर प्रतियोगिताएं कराई गईं। शहर के एक रेस्टोरेंट में हुए कार्यक्रम में अग्रवाल समाज की बड़ी संख्या में महिलाओं ने पारंपरिक परिधान में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

पूर्व पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल ने आयोजन में सम्मिलित होकर सभी को सावन माह की मंगलकामनाएं दीं। उन्होंने तीज को भक्ति, प्रेम, सौंदर्य और सामाजिक समरसता का पर्व बताते हुए इसके महत्व पर प्रकाश डाला। महिलाओं के लिए रंगारंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें कई प्रतियोगिताएं कराई गई।प्रतिभागियों ने महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विजेताओं को नगर पालिका की पूर्व अध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल द्वारा सम्मानित किया गया। महिलाओं ने लोक गीतों पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, साथ ही तीज से जुड़ी परंपराओं को साझा किया। कार्यक्रम में कृष्णा अग्रवाल, गरिमा अग्रवाल, शिखा अग्रवाल, इंदु अग्रवाल, सीमा अग्रवाल सहित अग्रवाल समाज की अनेक महिलाएं शामिल थीं। कार्यक्रम की सफलता पर अध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल ने सभी आगंतुकों, प्रतिभागियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए हरियाली तीज की शुभकामनाएं दी।

## सुहागिनों और बहनों ने रखा व्रत, की पूजा अर्चना

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) हरियाली तीज पर सुहागिनों और बहनों ने व्रत रख कर पूजा-अर्चना की। सावन माह की तृतीया तिथि को मनाई जाने वाली हरियाली तीज पर रविवार को महिलाओं ने श्रद्धा और भक्ति के साथ निर्जला व्रत रखा, पार्वती जी का आह्वान कर सौभाग्य की कामना की, वहीं कई बहनों ने अपने भाइयों की लंबी उम्र और खुशहाली के लिए यह व्रत किया।सुहागिनों ने पारंपरिक परिधान, हरी चूड़ियाँ, मेंहदी और श्रृंगार से सजकर शिव-पार्वती की पूजा की। जगह-जगह तीज गीतों की गूंज, झूलों की रौनक, और सखियों के साथ उत्सव का माहौल देखने को मिला। हरियाली तीज पर खर-पतवार, दूब, बेल पत्र, सिंदूर, मेंहदी, कुमकुम और व्रत कथा सुनने की परंपरा निभाई गई।इस अवसर पर महिलाओं ने एक-दूसरे को तीज की बधाई दी।

## शांति से हुई समीक्षा अधिकारी की परीक्षा



जौनपुर ।रविवार को उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित समीक्षा अधिकारी और सहायक समीक्षा अधिकारी-2023 की प्रारंभिक परीक्षा संपन्न गई है। यह परीक्षा सुबह 9 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक एक पाली में आयोजित हुई ।एसपी सिटी आयुष श्रीवास्तव ने बताया कि जिले के 47 परीक्षा केंद्रों पर कुल 22,176 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हो रहे हैं। ये 47 केंद्र जिले के 11 पुलिस स्टेशनों के अंतर्गत आते हैं। परीक्षा को पारदर्शी, नकल विहीन और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी। प्रशासन ने 47 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 47 स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की है। नगर के टीडी कॉलेज में अभ्यर्थियों का बायोमैट्रिक परीक्षण करके ही प्रवेश दिया जा रहा है। परीक्षा केंद्रों पर ड्रोन कैमरे और सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जा रही है।पुलिस विभाग नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए प्रतिबद्ध है। सभी केंद्रों पर दो स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है। फ्लाइंग स्क्वॉड का गठन किया गया है। यह टीम आसपास सॉल्वर गैंग की गतिविधियों और फोटोस्टेट मशीनों पर निगरानी रही।सभी 11 परीक्षा केंद्रों पर एसएचओ एवं सीओ की ड्यूटी लगाई गई है। एसपी सिटी आयुष श्रीवास्तव ने आश्वासन दिया है कि परीक्षा को सफल तरीके से संपन्न कराया गया।

## वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

शाहजहाँपुर। पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन में, क्षेत्राधिकारी पुवायाँ के पर्यवेक्षण में चलाये जा रहे अभियान चिन्हित किये गये अपराधियों की गिरफ्तारी व तलाश वांछित/ वारन्टी-जिलाबदर अपराधी व रोकथाम अवैध शराब-शस्त्र / अफीम चरस बिक्री-निर्माण एवं चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति-वाहन/ गश्त के दौरान थाना बण्डा पुलिस टीम को बड़ी सफलता प्राप्त हुई। वादी की लिखित तहरीर के आधार पर थाना बण्डा पर मु0अ0सं0 377/2025 धारा 137(2)/87 इठर बाबत अभियुक्त द्वारा वादी की नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के सम्बन्ध में पंजीकृत किया गया था। मुकदमा उपरोक्त में आज 27.07.2025 को मुखबिर की सूचना पर थाना बण्डा पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त कुलदीप कुमार पुत्र रुपराम नि० ग्राम बिलसण्डी खुर्द, थाना पुवायाँ, जनपद शाहजहाँपुर को मय अपहर्ता अभियुक्त कुलदीप के घर के सामने से समय करीब 14.15 बजे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए मा० न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

संक्षेप

## पिकअप के धक्के से मासूम की मौत

जौनपुर। एक दर्दनाक सड़क हादसे में मासूम की जान चली गई, जबकि उसकी मां और दादा घायल हो गए। हादसा खेतासराय थाना क्षेत्र के अयोध्या मार्ग पर रेलवे स्टेशन गेट के पास हुआ ।बताते है कि जमदहा गांव निवासी राम बचन, अपने भाई की बहू करिश्मा और उसके पांच वर्षीय बेटे कार्तिक को लेकर शाहगंज के चिरैया मोड़ स्थित एक चिकित्सक के पास स्कूटी से जा रहे थे। तभी पीछे से तेज रफ्तार में आ रही एक पिकअप ने स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी ।इस टक्कर में मासूम कार्तिक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसकी मां करिश्मा और दादा राम बचन को मामूली चोटें आईं। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मां करिश्मा का रो-रोकर बुरा हाल था ।शाहगंज कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। हादसे के बाद पिकअप चालक वाहन समेत फरार हो गया। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर वाहन और चालक की तलाश में जुटी है।

## हाईटेंशन तार की चपेट में आने से महिला की मौत

जौनपुर। सरायखाजा थानांतर्गत ग्राम देवकली में हाईटेंशन तार की चपेट में आने से एक महिला की झुलस कर मौत हो गयी।। जानकारी के अनुसार देवकली गांव निवासी निशा 30 वर्ष पत्नी अनिल पड़ोसी मुरारी लाल के यहां किसी काम से गई थी वहां पर उसके मोबाइल पर किसी का फोन आया। मोबाइल का नेटवर्क न होने से वह पड़ोसी की छत पर बात करने के लिए चली गयी। जहां पर हाई टेंशन तार जो छत के काफी करीब था उसके चपेट में निशा आ गई। हाई टेंशन तार ने निशा को खींच लिया जिसके कारण निशा काफी झुलस गई और मौके पर उसकी मौत हो गई। आनन फानन में घरवालों ने निजी वाहन से उसको जिला अस्पताल ले गये जहां पर डॉक्टरो देखते उसको मृत्यु घोषित कर दिया। मौके पर सराय ख्वाजा पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम हेतु भेज दिया।

## सर्पदंश से किशोरी की मौत

आजमगढ़। घर के अंदर रखे उपला निकालने गई किशोरी को शनिवार की शाम को सांप ने काट लिया। परिवार के लोग उसे उपचार को डॉक्टर के पास ले गए। जहां हालत गंभीर देख जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दियाए जहां उसकी मौत हो गई। मेहनगर थाना के पित्थौरपुर ;उसरीद्ध मुसहर बस्ती निवासी राजेश बनवासी की पुत्री अनिता 13 शनिवार को मां के साथ धान की रोपाई करने गई थी। रोपाई कर घर लौटने पर मां ने उसे घर के अंदर रखा उपला लाने को कहा। अनिला ने जैसे ही उपला उठायाए वहां पहले से मौजूद सांप ने उसे काट लिया। पिता राजेश उसे झाड़.फूंक के लिए ले गयाए लेकिन कोई फायदा न मिलने पर उसे खरिहानी बाजार स्थित एक डाक्टर के पास ले गया। जहां हालत गंभीर देख सदर अस्पताल के लिए रवाना कर दिया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पंचनामा बनाकर शव पोस्टमार्टम को भेज दिया।

## फरिहा माइनर में 8 महीने से पानी बंद किसान परेशान

आजमगढ़। जनपद के निजामाबाद तहसील क्षेत्र के फरिहा गांव के समीप शारदा सहायक खंड 32 की उप शाखा फरिहा माइनर में पिछले 8 महीनों से पानी की आपूर्ति ठप है। 14 किलोमीटर लंबी इस नहर पर सैकड़ों गांवों के किसानों की आजीविका निर्भर है। स्थानीय किसानों का आरोप है कि नहर विभाग की मनमानी के चलते उनकी फसलें सूख रही हैं और खेती का काम पूरी तरह ठप है। किसानों ने बताया कि विभाग ने सरकार की मंशा के खिलाफ मेन गेट पर वेल्डिंग तक करवा दी, ताकि फरिहा माइनर में पानी न पहुंच सके। इस संबंध में नहर विभाग के एसडीओ अनिरुद्ध वर्मा से बात करने पर उन्होंने दावा किया कि किसानों की मनमानी के कारण गेट बंद करना पड़ा, जिसके लिए वेल्डिंग कराई गई। हालांकि, वेल्डिंग के लिए कोई अधिकारिक आदेश होने के सवाल पर वह चुप्पी साध गए। किसानों ने एसडीओ के इस बयान को निराधार करार दिया है। क्षेत्रीय किसानों में नहर विभाग के अधिकारियों के खिलाफ गहरा आक्रोश है। उनका कहना है कि फरिहा माइनर में पानी न आने से एक भी किसान धान की रोपाई नहीं कर सका है, जिससे उनकी आजीविका पर संकट मंडरा रहा है।

# शंख बजाओ, स्कूल बचाओ अभियान चलाया



सोनभद्र। उत्तर प्रदेश में 27000 सरकारी स्कूलों को बंद करने के मुद्दे पर योगी सरकार के खिलाफ आम आदमी पार्टी ने ढपोरशंखों को जगाओ शंख बजाओ, स्कूल बचाओ अभियान चलाकर प्राथमिक स्कूल पेटारही पर जोरदार विरोध प्रदर्शन दर्ज किया। पार्टी के कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और प्रमुख नेताओं ने प्रदेश के जिला मुख्यालयों पर इकट्ठे होकर योगी सरकार द्वारा 27000 सरकारी स्कूलों को बंद करने के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया।

जिला संगठन प्रभारी ज्योति जंग सिंह ने विरोध प्रदर्शन के दौरान कहा कि योगी सरकार 27000 शराब की दुकाने खोलकर 27000 सरकारी स्कूलों को बंद करने जा रही है, आम आदमी पार्टी सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ नहीं होने देगी, इसलिए आप प्रदेश प्रभारी व सांसद संजय सिंह के आवाहन पर योगी सरकार के इस तुगलकी फरमान के खिलाफ सड़कों पर संघर्ष करने उतर

● आप ने किया विरोध-प्रदर्शन

आई है। आम आदमी पार्टी इसके लिए प्रतिबद्ध है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहेगा। इस अनोखे अभियान के तहत आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, शिक्षक, अभिभावक और बच्चों ने, जिले के बंद किए गए सरकारी प्राथमिक विद्यालय पेटराही ब्लॉक थाना राबर्ट्सगंज पर जाकर शंख और थाली बजाकर इस ढपोरशंख सरकार को जगाने का प्रतीकात्मक प्रयास किया।

जिलाध्यक्ष रमेश गौतम ने कहा कि ह्वआम आदमी पार्टी, सरकारी स्कूलों को बचाने की लड़ाई लड़ रही है, जबकि भाजपा स्कूल बंद करने में लगी है। एक तरफ सरकार प्रदेश में 27,308 शराब की दुकानें खोल चुकी है, वहीं दूसरी तरफ 27,000 से अधिक स्कूल बंद किए जा रहे हैं। इससे स्पष्ट है कि सरकार की प्राथमिकता बच्चों की शिक्षा नहीं है ।ह्वआम आदमी पार्टी इस मुद्दे पर चुप नहीं बैठेगी और उत्तर प्रदेश के बच्चों के भविष्य को बचाने के लिए तब तक संघर्ष करेगी, जब तक सरकार इस तुगलकी फरमान को वापस नहीं लेती। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी 2 अगस्त को लखनऊ के इको गार्डन में ऐतिहासिक स्कूल बचाओ आंदोलन करेगी, पार्टी द्वारा जारी नंबर- 75 0004 0004 पर मिस्ड कॉल करके आप भी इस क्रांति का हिस्सा बनिए और इन बच्चों के स्कूल इन्हें वापस दिलाइए। पूर्व जिलाध्यक्ष श्रीकांत तिवारी ने कहा यह डबल इंजन नहीं, ढपोरशंखों की सरकार है, जो बच्चों को अनपढ़ बनाकर रखना चाहती है। इसलिए अब समय आ गया है कि जनता खुद उठ खड़ी हो और इन ढपोरशंखों को जगाए। वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष गोविंद चौबे ने शंखनाद करके यह भी बताया कि उत्तर प्रदेश हाईकोर्ट की डबल बेंच ने उन स्कूलों को बंद करने की प्रक्रिया पर फिलहाल रोक लगा दी है, जिन पर अभी अंतिम निर्णय नहीं हुआ है। लेकिन यह केवल आंशिक राहत है। यदि जनता की आवाज नहीं उठी तो सरकार दोबारा इन्हें बंद करने की कोशिश करेगी। जिलामहासचिव अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ अनवर अली ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार उन बच्चों को अनपढ़ रखना चाहती है, जो आर्थिक रूप से कमजोर तबकों से आते हैं, ताकि आगे चलकर वो सवाल न पूछ सकें, हक न मांग सकें और आजीवन केवल वोट बैंक बने रहें। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अपील करते हुए कहा कि बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ मत कीजिए। स्कूल बंद करने का निर्णय तुरंत वापस लीजिए। विरोध प्रदर्शन में प्रमुख रूप से शमशाम अहमद, विमलेश पटेल, परदेशी पटेल सहित कई लोग शामिल हुए।

## आर ओ, एआर ओ परीक्षा का डीएम और एसपी ने किया निरीक्षण



सोनभद्र। रविवार को जनपद सोनभद्र में आयोजित समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी की परीक्षा के दौरान जिलाधिकारी बी. एन. सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने भ्रमणशील रहकर विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। इस क्रम में उन्होंने सेन्ट जोसेफ कान्वेट हाईस्कूल, राबर्ट्सगंज, राजकीय बालिका इण्टर मीडियएट कॉलेज राबर्ट्सगंज तथा शाहजादा साहब उदय प्रताप सिंह इंटरमीडिएट कॉलेज, रामगढ़, पन्नूगंज परीक्षा केंद्र का दौरा कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने परीक्षा की शुचिता सुनिश्चित करने के लिए परीक्षा केंद्र पर सभी आवश्यक तैयारियों की गहन समीक्षा की।

# स्कूल बचाने के लिए बजाये शंख



जौनपुर। आम आदमी पार्टी कार्यकताओं ने सरकारी स्कूलों को बंद करने के खिलाफ किया प्रदर्शन किया। पार्टी ने ढपोरशंखों को जगाओ शंख बजाओ, स्कूल बचाओ अभियान चलाकर प्रांत प्रभारी डॉ० अनुराग मिश्र के नेतृत्व में पूर्व माध्यमिक विद्यालय चपरामऊ बक्सा तथा जिला अध्यक्ष राम रतन विश्वकर्मा के नेतृत्व में प्राथमिक विद्यालय विछलापुर पर जोरदार विरोध प्रदर्शन दर्ज किया।

प्रांत प्रभारी ने कहा कि योगी सरकार 27308 शराब की दुकानें खोलकर 27000 सरकारी स्कूलों को बंद करने जा रही है, पार्टी सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ नहीं होने देगी, इसलिए आप प्रदेश प्रभारी व सांसद संजय सिंह के आह्वान पर योगी सरकार के इस तुगलकी फरमान के खिलाफ सड़कों पर संघर्ष करने उतर आई है। आम आदमी पार्टी इसके लिए प्रतिबद्ध है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहेगा। कार्यकर्ता, शिक्षक, अभिभावक और बच्चों ने, पूर्व माध्यमिक विद्यालय चपरा मऊ बक्सा तथा प्राथमिक विद्यालय पिछलापुर करंजाकला पर जाकर शंख और थाली बजाकर इस ह्वढपोरशंख सरकारह्व को जगाने का प्रतीकात्मक प्रयास किया ।इससे पहले जिलाध्यक्ष राम रतन विश्वकर्मा ने कहा कि ह्वआम आदमी पार्टी, सरकारी स्कूलों को बचाने की लड़ाई लड़ रही है, विजय सिंह ,पूर्व जिलाध्यक्ष राजेश अस्थाना ने बताया कि उत्तर प्रदेश हाईकोर्ट की डबल बेंच ने उन स्कूलों को बंद करने की प्रक्रिया पर फिलहाल रोक लगा दी है, जिन पर अभी अंतिम निर्णय नहीं हुआ है। । सोम कुमार वर्मा, शत्रुघ्न सिंह सोनू, बीरेन्द्र यादव, बब्लू गुप्ता, जफर मसूद पूर्व अध्यक्ष मरकजी शीरत कमेटी, सुरेश जी ,जिला कोषाध्यक्ष विद्याधर मिश्रा सहित तमाम अभिभावक व स्कूल समर्थक लोग शामिल हुए।

## चिकित्सक से मार पीट, तोड़ फोड़ मामले में पुलिस ने दर्ज किया केस

सोनभद्र। सदर कोतवाली क्षेत्र के छपका स्थित पंचशील मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के ऑपरेशन थिएटर में महिला की मौत के मामले में शनिवार को मृतक महिला के परिजनों पर अस्पताल के डायरेक्टर द्वारा डॉक्टर दंपती पर जानलेवा हमला करने और अस्पताल में तोड़फोड़ का आरोप लगाते हुए प्रार्थना पत्र दिया गया जिस पर राबर्ट्सगंज पुलिस ने इस संबंध में अस्पताल के डायरेक्टर पवित कुमार की तहरीर पर 11 नामजद और 30 से 40 अज्ञात लोगों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की विभिन्न धाराओं (मारपीट) के तहत केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

बतादे कि यह मामला सामने आया जब मिजार्पुर जिले के मड़िहान थाना क्षेत्र के हिनौता गांव की निवासी बिंदु देवी को बच्चेदानी के ट्यूमर के ऑपरेशन के लिए पंचशील हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। बिंदु के मायके (छपका) के जरिए उसे इलाज के लिए लाया गया था। पीड़ित पक्ष का आरोप था कि एनेस्थेसिया की डबल डोज के कारण ऑपरेशन के दौरान ही बिंदु की मौत हो गई थी, जिसे अस्पताल प्रबंधन ने लंबे समय तक छिपाए रखा। परिजनों के अनुसार, जब ऑपरेशन थिएटर में एक घंटे की जगह चार घंटे बीत गए और लोग उग्र होने लगे, तब उन्हें मरीज को वाराणसी ले जाने की सलाह दी जाने लगी। किसी तरह परिवार के लोग ऑपरेशन थिएटर में घुसे तो देखा कि बिंदु के शरीर में कोई हरकत नहीं थी। इसके बाद 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस के पहुंचने पर डॉक्टर और स्टाफ मौके से नदारद मिले। ओटी का दरवाजा भी अंदर से बंद था, जिसे पुलिस ने तोड़कर शव को अपने कब्जे में लिया था।

हॉस्पिटल डायरेक्टर पवित कुमार का आरोप है कि परिजनों को मरीज को हायर सेंटर वाराणसी ले जाने की सलाह दी गई, लेकिन मरीज के पति अरविंद, पिता चंद्रमा, भाई सुनील, अनिल, आशीष, सोनू विश्वकर्मा, अनिल विश्वकर्मा, बहन काजल, निशा, यशोदा सहित 30-40 की संख्या में लोग लाठी, डंडा, लोहे का रॉड और सब्बल लेकर अस्पताल में घुस आए और हमला बोल दिया। इस जानलेवा हमले में डॉ. अनुपमा मौर्या और उनके पति अंजनी कुमार घायल हो गए। डॉ. अनुपमा मौर्या के पैर में फ्रैक्चर हो गया है, और डॉ. अंजनी की छाती की हड्डी टूट गई है, जिनका सरकारी अस्पताल में इलाज जारी है।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी पीएम के मन की बात

आजमगढ़। ठेकमा और बरदह मंडल में रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 124वें एपीसोड को पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने सुना। ठेकमा मंडल में मंडल अध्यक्ष सीनोद मौर्य और बरदह मंडल में मंडल अध्यक्ष शरद राय की देखरेख में कार्यकताओं ने मन की बात सुना। सभी कार्यकताओं ने संकल्प लिया कि वे प्रधानमंत्री के विचारों को जन-जन तक पहुंचाएंगे और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देंगे। देश को विश्व गुरु बनाकर ही रहेंगे। ठेकमा में आयोजित कार्यक्रम में अशोक गुप्ता, संतोष, सतीश चंद्र शुक्ला, जेपीएन तिवारी, उमाकांत तिवारी, देवेंद्र राय आदि मौजूद रहे। उधर बरदह में बृजेश राय, प्रमोद राय आदि कार्यकर्ता मौजूद।

## जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी व प्रोजेक्ट प्रतियोगिता आज

जिला संवाददाता(vol)

मीरजापुर। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग सरकार के द्वारा संचालित इंस्पायर अवार्ड मानक योजना अंतर्गत जनपद स्तरीय प्रदर्शनी एवं प्रोजेक्ट प्रतियोगिता का आयोजन स्थानीय पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज मिजार्पुर में 28 जुलाई 2025 को 9 बजे से आयोजित की जाएगी। इस प्रदर्शनी में सत्र 2023-24 में चयनित चंदौली जिले के 7, मिजार्पुर के 8 एवं सोनभद्र के 8 छात्र एवं सत्र 2024 -25 मे चयनित चंदौली जिले के 63, मिजार्पुर के 55, सोन भद्र के 32 छात्र एवं छात्राएं अपने नए आइडिया के विज्ञान मॉडल प्रस्तुत करेंगे।

इस आशय की सूचना देते हुए सुशील कुमार पाण्डेय सह नोडल इंस्पायर प्रदर्शनी ने बताया की इस कार्यक्रम में बच्चे अपने आइडिया विद्यालय के माध्यम से राष्ट्रीय नव प्रवर्तन प्रतिष्ठान भारत के पोर्टल पर भेजते है। प्रतिष्ठान द्वारा चयनित बच्चों का जिला स्तर पर प्रदर्शनी आयोजित कर उनमें से 10 प्रतिशत छात्र, छात्राओं का चयन राज्य स्तरीय प्रदर्शनी के लिए किया जायेगा। इस प्रदर्शनी में कुल 173 बच्चे अपने आइडिया के आधार पर प्रोटो टाइप मॉडल बनाकर प्रस्तुत करते है। जिला स्तर के लिए चयनित आइडिया के छात्रों को 10000 रुपये की धनराशि प्रोटो टाइप (मॉडल )बनाने के लिए प्रदान किये जाते है।

## पति की लंबी आयु के लिए मनाया हरियाली तीज

जिला संवाददाता(vol)

जौनपुर । हरियाली तीज के अवसर पर अतुल्य वेल्फेयर ट्रस्ट द्वारा शहर के एक लॉन में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि किन्नर कल्याण बोर्ड की सदस्य महामंडलेश्वर माँ कंकेश्वरी नंदगिरी ने किया। उन्होंने भगवान शिव, पार्वती और गणेश जी की पूजा अर्चना के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की। सुहागन महिलाओं ने हरे रंग के वस्त्र और हरी चूड़ियां पहनकर श्रृंगार किया। महिलाओं ने भोले बाबा के गीत गाकर अपने पति की लंबी आयु की कामना की। ट्रस्ट द्वारा सभी महिलाओं को पान खिलाकर पुरानी परंपरा का निर्वहन किया गया, जो वर्तमान समय में विलुप्त होती जा रही है ।महिलाओं के



साथ-साथ कंकेश्वरी नंदगिरी के नेतृत्व में किन्नर समाज का एक समूह भी सुहागिनों के साथ शामिल हुआ। ट्रस्ट परिवार ने कंकेश्वरी नंदगिरी के हाथों से सभी महिलाओं को सुहाग का सामान उपहार स्वरूप प्रदान किया। कार्यक्रम में सभी सुहागिन महिलाओं को सिंदूर, बिंदी, मेहंदी और चूड़ियां देकर आशीर्वाद दिया गया। महिलाओं ने विभिन्न खेलों का आनंद लिया। झूला झूलने के साथ-साथ तरह-तरह के मिठाई और खाने-पीने के व्यंजनों का भी आनंद लिया। शहर की सामाजिक, राजनीतिक, शिक्षक, डॉक्टर और व्यापारी वर्ग की महिलाएं उपस्थित रहीं। किन्नर समाज से पायल, डॉली जोशी, किरण और शालू सहित अन्य महिलाएं भी मौजूद रहीं।

## फांसी लगाकर युवक ने दी जान, परिजनों में मचा कोहराम

ड्रमंडगंज, मीरजापुर। ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के ड्रमंडगंज बाजार निवासी युवक ने पक्के मकान के भीतर रविवार दोपहर छत के चूल्ले से फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया।

सूचना पर पहुंची पुलिस घटना की जांच पड़ताल में जुट गई। ड्रमंडगंज बाजार निवासी सुभाष केशरी के इकलौते बेटे 24 वर्षीय रीशू केशरी ने अज्ञात कारणों से पक्के मकान के कमरे का दरवाजा भीतर से बंद कर छत के चुल्ले के सहारे बिजली के तार से फांसी लगाकर जान दे दी। दोपहर में खाना खाने के लिए पत्नी खुशी पति को बुलाने के लिए छत पर गई तो देखा कमरे दरवाजा भीतर से बंद था। पति को आवाज देने और दरवाजा खटखटाने के बाद काफी देर तक दरवाजा नही खोलने पर पत्नी ने श्वसुर सुभाष को जानकारी दी। युवक के पिता ने भी दरवाजा खोलने के लिए बेटे को काफी देर तक आवाज लगाई लेकिन भीतर से बेटे द्वारा कुछ नही बोलने पर मामला संदिग्ध प्रतीत होने लगा। सुभाष की आवाज पर अगल बगल के लोग मौके पर पहुंचे लोगों की मदद से दरवाजा की कुंडी तोड़ा गया। दरवाजा खुलने पर बेटे को छत के चुल्ले से केबिल से लटका देख पिता के होश उड़ गए। आनन-फानन में फंदे से नीचे उतारकर युवक को उपचार हेतु प्रयागराज जिले के कोरांव स्थित सुकृत अस्पताल ले गए जहां चिकित्सक ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत से परिजन रोने बिलखने लगे। मृतक के साले अंकुर केशरी की सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष ब्रह्मदीन पांडेय, एसआई रमेश यादव, मनसुख यादव घटना की जांच में जुट गए। परिजन अपने स्वेच्छा से पोस्टमार्टम नही कराना चाहते हैं जिससे ड्रमंडगंज पुलिस ने ग्राम प्रधान और संभ्रांत व्यक्तियों के समक्ष वधू के पिता राजेश केशरी के उपस्थिति में लिखित पंचायत नामा लिखवा कर डेड बॉडी परिजनों को सुपुर्द कर दिया लेकिन पुलिस के काफी समझाने बुझाने के मृतक की पिछले वर्ष प्रयागराज जिले के कोरांव थाना क्षेत्र के करपिया गांव में शादी हुई थी। मृतक की पत्नी खुशी गर्भवती है। घटना से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है ।इस संबंध में थानाध्यक्ष ब्रह्मदीन पांडेय ने बताया कि युवक ने छत के चुल्ले में बिजली के तार से फांसी लगाकर जान दे दी है। शव को दोनों पक्षों व संभ्रांत व्यक्तियों के समक्ष पंचायत नामा लिखवा कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है।

## कांवड़ियों की सेवा से मिलता है पुण्य, बांटा गया फलाहार

मीरजापुर। आभा फाउंडेशन के तत्वाधान में कांवड़ियों की सेवा के लिए मड़िहान में एक सेवा शिविर का आयोजन किया गया। बरियाघाट से गंगा जल लेकर घोरावल स्थित शिवद्वार जाने वाले कांवरियों की विशेष तौर पर सहायता करते हुए फाउंडेशन के पदाधिकारीयों ने उनके बीच फलाहार का वितरण करने के साथ पानी वगैरह भी उन्हें प्रदान किया। वक्ताओं ने कहा कांवड़ियों की सेवा और उनकी सहायता से परम संतोष और आनंद की अनुभूति मिल रही है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सुनील सिंह, पवन मालवीय, हेमंत सिंह, अश्विनी गुप्ता, गोपाल जी मिश्र, संदीप उपाध्याय, मनीष यादव, विवेक सिंह राजपूत, सागर, आदि लोग उपस्थित थे।

## दो नाबालिग बच्चों का रेस्क्यू कर परिजनों को दी गई सूचना

जिला संवाददाता(vol)

मीरजापुर। बिहार के एक मदरसे में पढ़ने वाले दो नाबालिग बच्चे वहां होने वाली पिटाई के भय से भागकर ट्रेन में सवार हो गए। जिन्हें ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते के तहत रेस्क्यू कर सकुशल कब्जे में लेकर उनके परिजनों को अवगत कराया गया है। जानकारी के मुताबिक आरपीएफ उत्तर मध्य रेलवे मंडल प्रयागराज के

आरपीएफ पोस्ट मिजार्पुर के उप निरीक्षक अखिलेश कुमार राय, हमराही स्टाफ के साथ 27 जुलाई 2025 को रेलवे स्टेशन मिजार्पुर के स्टेशन एरिया में गश्त पर के थे। उनके साथ रेलवे चाइल्ड हेल्प डेस्क के सदस्य दारा सिंह भी उपस्थित थे। गश्त के दौरान, समय लगभग 10:30 बजे, प्लेटफार्म संख्या-02 के दिल्ली छोर पर दो लड़के बैग के साथ बैठे पाए गए। सहानुभूतिपूर्वक पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम क्रमशः अशरफ अंसारी 12 वर्ष पुत्र अकबर अंसारी, माता का नाम मैमून बीबी तथा दूसरे ने मासूम अंसारी 13 वर्षपुत्र इमामुद्दीन अंसारी माता का नाम सबरून बीबी सभी निवासी वार्ड नं. 14, ग्राम जंगीपुर, थाना नगरउंटारी, जिला गढ़वा (झारखंड) बताया। पूछताछ में बच्चों ने बताया कि वे दोनों दारूल ओलूम फैजाने अशरफ, बारा, थाना गुरारू, जिला गया (बिहार) स्थित एक मदरसे में पढ़ते थे। वहां उनके साथ मारपीट की जा रही थी, जिससे परेशान होकर वे बिना किसी को बताए मदरसे से भाग निकले। उनका उद्देश्य अपने घर लौटना था, किंतु गलत ट्रेन में सवार हो जाने के कारण वे मिजार्पुर स्टेशन पर उतर गए। आरपीएफ अधिकारियों के मुताबिक दोनों बच्चों ने अपने परिजनों के मोबाइल नंबर बताए। जिन पर संपर्क कर उनके परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। दोनों नाबालिगों को उप निरीक्षक अखिलेश कुमार राय द्वारा विधिवत सुपुर्दगीनामा तैयार कर, साक्ष्य (फोटोग्राफी) एवं गवाहों की उपस्थिति में, रेलवे चाइल्ड हेल्प डेस्क के सदस्य दारा सिंह (सुपरवाइजर) को सौंपा गया, ताकि उन दोनों बच्चों को सुगमतापूर्वक उनके घर तक उनके परिजनों को सौंपा जा सकें।

## धान की रोपाई कर रहे मां बेटे की करंट से मौत

जौनपुर। जफराबाद थाना क्षेत्र के उत्तरगांवा गांव में धान की रोपाई के दौरान हुए हादसे में मां-बेटे की करंट लगने से मौत हो गई। खेत की सुरक्षा के लिए लगे झटका मशीन में करंट दौड़ गया, जिसकी चपेट में आकर पहले मां और फिर उन्हें बचाने दौड़े बेटे की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद गांव में कोहराम मच गया। सरैया बदरुद्दीनपुर निवासी 30 वर्षीय लोधी वनवासी अपनी 57 वर्षीया मां बासमती देवी के साथ शनिवार शाम उत्तरगांवा निवासी मंटू राय के खेत में धान की रोपाई कर रहा था। खेत की सुरक्षा के लिए चारों तरफ तारों में झटका मशीन जुड़ी थी ।इसी दौरान अज्ञात कारणों से झटका मशीन में तेज करंट दौड़ गया, जिससे बासमती देवी तार की चपेट में आ गईं और खेत के किनारे ही छटपटाकर गिर पड़ीं। मां को तड़पते देख लोधी वनवासी उन्हें बचाने दौड़े, लेकिन वह भी करंट की चपेट में आ गए। जब तक कोई कुछ समझ पाता, मां-बेटे दोनों की मौके पर ही मौत हो चुकी थी।

## 69 लाख की तीन सड़क परियोजना का शिलान्यास

जौनपुर। रविवार को खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) गिरीश चन्द्र यादव जी ने मुख्यमंत्री नगरीय अल्पविकसित ध्मलिन बस्ती विकास योजना के अंतर्गत रूपए 69 लाख की लागत की तीन सड़क परियोजना का शिलान्यास किया। जिन सड़कों का शिलान्यास किया उसमें प्रमुख रूप से मोहल्ला कालीकुती में मैहर देवी ओलंदगंज मार्ग पर मंशा देवी मंदिर के सामने से परमानतपुर हरिजन बस्ती तक नाली व इंटरलॉकिंग का निर्माण कार्य अनुमानित लागत रूव 25.03 लाख वार्ड रामनगर में मेन रोड महिला थाने के सामने से भगौती कालोनी सुभाष गौड़ के मकान तक इंटरलॉकिंग व नाली का निर्माण कार्य , अनुमानित लागत रूव 21.85 लाख वार्ड रामनगर में भागोती कालोनी में भगवान दास के घर से भैयालाल सोनकर के मकान तक इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्य अनुमानित लागत रूव 22.29 लाख शिलान्यास के दौरान राज्यमंत्री ने कहा कि सड़क, बिजली, जल, शिक्षा, स्वास्थ्य व आवास आदि क्षेत्रों में विभिन्न प्रकार की योजनाओं के माध्यम से सरकार ने व्यापक पैमाने पर काम किया है, जिसका लाभ सीधे जनता को मिल रहा है, उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होगा, यदि आप लोगो कही लगता है कि निर्माण कार्य में लापरवाही हो रही है, मानक के अनुरूप निर्माण कार्य नहीं हैं तो उसकी जानकारी आप हमको दीजिए , उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी। मनीष श्रीवास्तव, सरस गौड़, सभासद सीपीन सिंह, दीपक मिश्रा, सरोज सिंह सहित आदि लोग मौजूद रहे।

## चोरी की बाइक के साथ एक गिरफ्तार

आजमगढ़। देवगांव थाने की पुलिस ने रविवार को चोरी की बाइक के साथ एक बदमाश को कलीचाबाद के पास से गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार कपसेठा गांव के भागीरथी पुत्र नन्हकू राम ने पुलिस को तहरीर देकर शिकायत दर्ज कराई थी कि बीते दिनों उसकी बाइक चोर उठा ले गए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर जांच शुरू की। इस क्रम में रविवार को पुलिस ने आरोपी को बाइक के साथ कलीचाबाद के पास से गिरफ्तार किया। विवेचना अधिकारी और उपनिरीक्षक गिरिजेश यादव ने बताया कि पकड़ा का आरोपी आदर्श मौर्य पुत्र विरेंद्र मौर्या नंदापुर का निवासी है। आरोपी की चालान कर जेल भेजा जा रहा है।

## प्राथमिक विद्यालय में स्थिति बदहाल हेडमास्टर को बीएसए की फटकार

आजमगढ़। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राजीव कुमार पाठक ने सठियांव शिक्षा क्षेत्र के अमुड़ी प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्कूल का परिवेश बदहाल, रंगाई-पोताई न होने, शौचालय में ताला, और एक ही शिक्षक द्वारा कक्षाओं का संचालन जैसी अनियमितताएं पाई गईं। 70 नामांकित बच्चों में से केवल 46 मौजूद थे। खर्च धनराशि का विवरण न दे पाने पर प्रधानाचार्या फौजिया खातून को बीएसए ने फटकार लगाई और तीन दिन में जवाब देने के लिए नोटिस जारी किया। बीएसए ने रानी की सराय शिक्षा क्षेत्र के ऊंची गोदाम में कई प्राइवेट स्कूलों का निरीक्षण किया, जहां वैष्णों देवी स्कूल और एजम्पसन एकाडमी बिना मान्यता के संचालित पाए गए। बाबा विश्वनाथ जूहा स्कूल में मान्यता से अधिक कक्षाएं चलाने का मामला सामने आया। इन स्कूलों को बंद करने और नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। जिले में आधा दर्जन से अधिक अवैध स्कूलों के संचालन की पुष्टि हुई, जिससे शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। बीएसए ने साफ किया कि अवैध स्कूलों पर कड़ी कार्रवाई होगी और संबंधित शिक्षा क्षेत्र के अधिकारियों से जवाब तलब किया जाएगा। बीएसए राजीव कुमार पाठक ने बताया कि ह्वअमुड़ी प्राथमिक विद्यालय में कमियों के लिए प्रधानाचार्या को नोटिस दी गई है। जिले में अवैध स्कूलों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। गैर मान्यता प्राप्त स्कूल संचालित नहीं होने दिए जाएंगे, और ऐसे स्कूल पाए जाने पर संबंधित क्षेत्र के अधिकारियों से जवाब मांगा जाएगा।

## श्लोक पाठ प्रतियोगिता आयोजित

सोनभद्र। एनसीएल मुख्यालय के अंतर्गत आने वाली ज्योत्सना महिला समिति ने शनिवार को बच्चों के लिए सीईटीआई परिसर में एक श्लोक पाठ



प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता में 30 बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और भारतीय संस्कृति के महत्वपूर्ण अंग, श्लोकों का पाठ किया। सभी उम्र के छोटे व बड़े बच्चों ने विभिन्न श्लोकों को प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। इस आयोजन में बड़ी संख्या में बच्चे और उनके अभिभावक शामिल हुए, जिन्होंने ज्योत्सना महिला समिति के इस पहल की सराहना भी की। इस कार्यक्रम का आयोजन समिति की अध्यक्षा बी. के. दुर्गा के मार्गदर्शन में किया गया । इस अवसर पर उपाध्यक्षा वीणा सिंह व समिति की अन्य सदस्याएँ भी मौजूद रहीं और बच्चों को प्रोत्साहित किया। श्लोक पाठ भारतीय संस्कृति का एक अभिन्न हिस्सा है, जो न केवल आध्यात्मिक ज्ञान को बढ़ाता है, बल्कि बच्चों में नैतिक मूल्यों और आत्मविश्वास का विकास करते हैं। यह आयोजन बच्चों को अपनी सांस्कृतिक जड़ों व भारतीय परंपराओं से जोड़ने का एक प्रयास था।

## एक भाई ने स्टेनोग्राफी तो दूसरे भाई ने सिपाही बनकर जिले का नाम किया रोशन



सोनभद्र। सफलता सिर्फ मेहनत से नहीं, अनुशासन, समर्पण और सही दिशा में किए गए प्रयासों से भी मिलती है। इसकी मिसाल है सोनभद्र जिले के राबर्ट्सगंज से सटे उरमौरा गांव निवासी एक गरीब फेरी करने वाले तौहिद अंसारी के दो पुत्र बड़े भाई आसिफ अंसारी 23 वर्ष ने एसएससी में स्टेनोग्राफी एवं छोटे भाई आरिफ अंसारी 20 वर्ष ने उत्तर प्रदेश पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा पास कर अपने परिवार सहित जिले का नाम रोशन किया है। तौहिद आलम के बच्चों ने अपने घर की गरीबी और लाचारी को देखकर बचपन में ही कुछ बनने का सपना देखा था, जिसे अब हकीकत बना दिया है। एक गरीब घर से दोनों की सफलता कोई संयोग नहीं, बल्कि वर्षों की मेहनत और अनुशासन का परिणाम है। दोनों ने इंटर की पढ़ाई पूरी करने के बाद से प्रयागराज में भर्ती की तैयारी शुरू कर दी थी। सुबह में दौड़ लगाना, व्यायाम करना और फिर पढ़ाई में जुट जाना, यह उनकी दिनचर्या बन गई थी। इन दोनों अभ्यर्थियों की माता रोशन बेगम घर संभालती थी और पिता गांव में साइकिल से कपड़े की फेरी करते हैं। दोनों बच्चों के चयन की खबर फैलते ही गांव में जश्न का माहौल बन गया। लोग फोन और सोशल मीडिया के माध्यम से बधाई दे रहे हैं। इसके अलावा इनके बड़े दादा नियामत अंसारी व चाचा तथा मामा का काफी सराहनीय योगदान रहा है जिससे उनके पढ़ाई पर कोई भी दिक्कत ना आए इसके लिए इन लोगों का काफी सराहनीय योगदान रहा है।

संक्षेप

## पीड़ित को दिलाई फ्रॉड में गई रकम

उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत के मोहल्ला बिंदानगर पोनीरोड शुक्लागंज निवासी मधुसूदन शर्मा ने पुलिस से शिकायत में बताया कि गूगल पे के माध्यम से उनके साथ फ्रॉड हो गया था। उनके खाते से 48985 रु निकल गए है। रविवार को गंगाघाट पुलिस ने 30 हजार रुपये की धनराशि पीड़ित को वापस दिलायी है।

## घर के बाहर से छह बकरे गायब

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। स्थानीय थाना क्षेत्र के गांव भटनिया में घर के बाहर बंधी आधा दर्जन बकरे बकरियां रात में गायब हो गए। सुबह गृह स्वामी के उठने पर उनके गायब होने की जानकारी होते ही उसके हांथ पांव फूल गए काफी खोजबीन करने के बाद भी पता नहीं चला है। गांव भटनिया निवासी नारेंद्र कुमार के घर के बाहर पास पड़े छप्पर के नीचे शनिवार रात को तीन बकरे और तीन बकरियां बंधी थी। रविवार की सुबह जब नारेंद्र ने जाकर देखा तो उसके बकरे और बकरिया गायब देखी। आसपास जानकारी की लेकिन कोई पता नहीं चला।

## सर्पदंश से बालक की मौत

सीतापुर। बिसवां इलाके में एक बालक की सर्पदंश से मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक ग्राम कोंसर निवासी कृष्णा 10 वर्ष पुत्र सहजराम सुबह 5 बजे पूजा के लिए फूल तोड़ने गया था। इसी दौरान उसे जहरीले सांप ने काट लिया। परिवार के सदस्य तुरंत बच्चे को महमूदाबाद अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टरों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर क्षेत्रीय लेखपाल मौके पर पहुंचे। उन्होंने परिवार से बात की। परिवार ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। इसके बाद गांव के सामने पंचनामा भरकर बच्चे का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

## बाइक से गिरकर अधेड़ की मौत

सीतापुर। लहरपुर इलाके में बाइक से गिरकर घायल हुए अधेड़ की सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में इलाज के दौरान मौत हो गई। जिसके बाद परिजनों ने डाक्टरों पर सही से इलाज न करने का आरोप लगाते हुए हंगामा काटा। जानकारी के अनुसार ग्राम पोंगलीपुर निवासी भुनेश्वर सिंह 54 वर्ष पुत्र शिवदत्त सिंह अपनी मोटरसाइकिल से जा रहे थे। भगौतीपुर मोड़ के पास वह बाइक से गिर गए और घायल हो गए। परिजन उन्हें 108 एंबुलेंस से स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लहरपुर ले गए। वहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मौत के बाद परिजनों ने अस्पताल में हंगामा कर दिया। उनका आरोप था कि अस्पताल में मौजूद डॉक्टर ने सही इलाज नहीं किया। इसी कारण भुनेश्वर सिंह की मौत हुई। हंगामे की सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंचा और स्थिति को नियंत्रित किया। कोतवाली प्रभारी विजयेंद्र सिंह ने बताया कि शव का पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि परिजनों की तहरीर पर मृत्यु का कारण जानने के लिए पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## नदी में उतराता मिला युवक का शव

सीतापुर। महोली कोतवाली क्षेत्र के अमरिता गांव महुआकोला पुल के नीचे कठिना नदी में एक युवक का शव संदिग्ध अवस्था में मिला। शव देखे जाने के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार ग्राम मोहरनिया निवासी गंगाराम ने बताया कि उनका बेटा अखिलेश अर्ध विक्षिप्त था। वह अक्सर सुबह घर से निकल जाता था और शाम तक वापस आ जाता था। दोपहर वह घर से निकला था। लेकिन देर शाम तक वापस नहीं आया। परिजनों ने उसे काफी तलाशा लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। गांव के कुछ युवक पुल पर रील बना रहे थे। इसी दौरान उन्होंने पुल के नीचे नदी में शव देखा। मृतक की भाभी रूबी ने बताया कि शव पर चोटों के निशान दिख रहे थे। प्रथम दृष्टया ऐसा लग रहा था कि शव कई घंटों से पानी में पड़ा था। परिजनों ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकाला। फॉरेंसिक जांच टीम ने भी सैंपल एकत्र किए। इंस्पेक्टर दिलीप कुमार चौबे ने बताया कि फॉरेंसिक टीम की मौजूदगी में शव को बारीकी से देखा गया है। शरीर पर चोट के कोई निशान नहीं हैं। परिजनों के मुताबिक मृतक अर्ध विक्षिप्त था और शराब भी पी लेता था। मृत्यु का कारण जानने के लिए पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। परिजनों ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है।

# 6432 अभ्यर्थियों में से 3201 ने छोड़ी परीक्षा





- कड़ी सुरक्षा के बीच आरओ एआरओ परीक्षा संपन्न
- डीएम एसपी करते रहे केन्द्रों का निरीक्षण

जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। एआरओ और आरओ परीक्षा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रविवार सुबह जिले में 15 परीक्षा केंद्रों पर प्रारंभ हो गई।

इस परीक्षा में जिले के कुल 6432 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया था। जिसमें 3231 अभ्यार्थियों ने प्रतिभाग किया जो निर्धारित समय से पहले ही परीक्षा केंद्रों पर पहुंच गए वहीं 3201 अभ्यर्थी परीक्षा में अनुपस्थित रहे। शहर के आरआरडी इंटर कॉलेज में प्रवेश के दौरान परीक्षार्थियों को ट्रांसपेरेंट पानी की बोतल तक बाहर रखनी पड़ी। परीक्षा को नकलविहीन और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने चाक-चैबंद इंतजाम किए हैं। प्रत्येक केंद्र पर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी के साथ 15 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 15 स्टैटिक मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई है। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद और पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल लगातार भ्रमणशील रहकर केंद्रों का निरीक्षण किया। सुबह ही उन्होने कलेक्ट्रेट स्थित कोषागार पहुंचकर डबल लॉक का पहुंचकर व्यवस्थाएं देखीं तथा परीक्षा सामग्री का प्रेषण कार्य का भी गहनतापूर्वक निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि लोक सेवा आयोग के निदेर्शानुसार समस्त कार्यों को पूरी सुचिता के साथ सुनिश्चित किया जाये।

परीक्षा प्रारंभ होने से पूर्व जिलाधिकारी अभिषेक आनंद और पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने महर्षि विद्या मंदिर नैपालापुर सीतापुर, सुमित्रा मॉर्डन स्कूल नैपालापुर सीतापुर एवं आरएमपी इंटर कालेज सीतापुर का निरीक्षण कर छात्रों के प्रवेश, बायोमैट्रिक स्कैनिंग, कंट्रोल रूम आदि व्यवस्थाओं को देखा एवं आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस बार परीक्षा में सुरक्षा के नए आयाम जोड़े गए हैं। पहली बार कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) तकनीक के जरिये अभ्यर्थियों की बायोमीट्रिक और फेस रिकग्निशन के माध्यम से पहचान की जा रही है। सुबह 8 बजे से ही सभी केंद्रों पर गहन तलाशी के बाद परीक्षार्थियों को भीतर जाने की अनुमति दी गई। वहीं जीआईसी इंटर कॉलेज में परीक्षा शुरू होने के बाद मुख्य गेट बंद कर दिया गया। चूंकि वहां लोहे का गेट टूटा हुआ था, इसलिए प्रशासन को लकड़ी के अस्थायी गेट से दरवाजा बंद करना पड़ा। कुल मिलाकर, प्रशासन की सख्ती और तकनीकी निगरानी से परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न होने की उम्मीद जताई जा रही है।

## निरीक्षण में मिली खामियां खाद विक्रेता का लाइसेंस निलम्बित

सीतापुर। लगातार कृषकों से प्राप्त हो रही शिकायतों को संज्ञान लेते हुए जिला कृषि अधिकारी संजीव कुमार द्वारा मै० मां दुर्गा फर्टिलाइजर्स टेड़वा चिलौला विकास खण्ड खैराबाद का औच्क निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय कृषक सरवन निवासी गौरीनगर द्वारा बताया गया कि उसको जिंक के साथ यूरिया 420 की दी गयी जो फर्म द्वारा यूरिया निर्धारित दर से अधिक दर विक्रय किया जा रहा था तथा साथ में अन्य उत्पाद की टैगिंग की जा रही थी। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि निरीक्षण के दौरान पाया गया कि इस प्रकार फर्म द्वारा उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम का उल्लधंन किया जा रहा है। जिस पर कार्यवाई करते हुए फर्म का लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया गया है। और स्पष्टीकरण मांगा गया है। उन्होने बताया कि अगर समय से संतोषजनक स्पष्टीकरण नही प्रस्तुत किया जाता है तो मान लिया जायेगा कि उक्त के सम्बन्ध में फर्म को कुछ नही कहना है और उसका लाइसेंस निरस्त करते हुए हुए फर्म के विरूद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश-1985 के अन्तर्गत विधिक कार्यवाही की जायेगी।

## छात्रा को परीक्षा केंद्र पहुंचाकर कोतवाली प्रभारी ने मदद की

उन्नाव। उस समय मानवता की मिशाल बनकर एक थाना प्रभारी आ गए जब कि छात्रा आरओ एआरओ की परीक्षा देने के लिए समय की दौड को धीमा करने के लिए दौड लगा दी। छात्रा को देखकर सफीपुर थाना प्रभारी का मन भाव से विभोर हो गया। छात्रा को दौड़ते देख सफीपुर थाना प्रभारी एसएन त्रिपाठी ने अपनी सरकारी गाड़ी में उसे बिठाकर समय पर परीक्षा केंद्र पहुंचाया। बता दें कि उन्नाव जिले के सफीपुर में लखनऊ निवासी मुरारी सिंह अपनी बेटी इशिका को आरओ-एआरओ की परीक्षा दिलाने प्राइवेट वाहन बुक करके गूगल के सहारे हसनगंज भूलवश पहुंच गए। वहां से परीक्षा केंद्र की जानकारी की तो पता लगा कि परीक्षा केंद्र सफीपुर के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में है। आनन फानन उन्होने गाड़ी परीक्षा केंद्र की तरफ मोड़ दी। यहां पहुंचे तो रेलवे क्रासिंग बंद मिली। अब परीक्षा शुरू होने में मात्र दो से तीन मिनट का समय ही शेष बचा था। क्रासिंग से केंद्र की दूरी 500 मीटर थी। जानकारी होने पर छात्रा गाड़ी से उतरकर भागने लगी। परीक्षा केंद्र भ्रमण से वापस लौट रहे क्रासिंग की दूसरी तरफ खड़े सफीपुर थाना प्रभारी एसएन त्रिपाठी ने छात्रा को ज्यों दौड़ते देखा, तो तुरंत अपनी सरकारी गाड़ी वापस मोड़ी और उसे ससमय परीक्षा केंद्र पहुंचाया। इसके साथ ही छात्रा को परीक्षा केंद्र के अंदर प्रवेश भी कराया। इसके बाद पिता ने राहत की सांस ली।

## हनुमान प्रसाद मिश्र की प्रेरणा से सीख लेकर किया पौधरोपण



उन्नाव। धरती की हरी-भरी गोद हमारे पूर्वजों के पुण्य कार्यों के कारण मिली थी। हमारा भी दायित्व बनता है कि आने वाली पीढ़ी के लिये हम वृक्षारोपण के माध्यम से धरती माता की गोद को हरा-भरा करें। जन्म से लेकर अंतिम यात्रा तक वृक्षों का हमारे जीवन में अमिट योगदान रहता है। इसी व्यवस्था को ध्यान में रखकर आने वाली पीढ़ी को इस तरफ ध्यान देने की जरुरत है। कुछ ऐसी ही विचारधारा दिवंगत समाजसेवी, अधिवक्ता एवं विचारक हनुमान प्रसाद मिश्र की रही। उन्होने अपने जीवन में वृक्ष को महत्व दिया। साथ ही युवा पीढी को भी प्रेरित किया। उनकी प्रेरणा से प्रेरित होकर युवा पत्रकारों ने रविवार को स्थानीय एबी नगर स्थित परिसर में वृक्षारोपण कर उन्हे याद किया। इस दौरान पत्रकार अविनेश मिश्र ने बताया कि बाबू जी को सदैव ही फूल वाले पौधे पसंद रहे। उनका मानना था कि पुष्प वाले पौधे हम लोगो को संदेश देते है कि अपने आस पास के वातावरण को शीतल बनाने के साथ साथ सुगन्धित करें। ताकि लोगो के जीवन में खुशियों का संचरण किया जा सके। स्थानीय निवासी छोटेलाल ने बताया कि स्व0 बाबू जी सदैव ही लोगो को उचित राह देकर जीवन के सही महत्व को बताते थे। उन्होने सदैव वृक्ष लगाने व उनको संरक्षित करने की प्रेरणा दी। इस मौके पर प्रमुख रुप से पत्रकार रजत श्रीवास्तव, मुन्ना सिंह, कमलेंद्र प्रताप सिंह, हर्षित कुमार, राम कुमार विमल, सतीश सोनी, राजू मिश्र, गुड्डू वर्मा, संजय कुमार प्रजापति, मोहन चंद्र वर्मा, राहुल तिवारी आदि लोग उपस्थित रहे।

## कारगिल विजय दिवस कार्यक्रम में फौजियों को किया सम्मानित



जिला संवाददाता(vol)

उन्नाव। मेरा युवा भारत (माई भारत) के तत्वावधान कारगिल विजय दिवस कार्यक्रम हुआ सम्पन्न।

कार्यक्रम मुख्य अतिथि भूतपूर्व सैनिक गजेन्द्र सिंह पटेल ऊदल फौजी, अशोक कुमार नायक, बिश्वनाथ सिंह चैहान, पंकज कुमार, दीपक वर्मा को अंग वस्त्र, माल्यार्पण व प्रतीक चिन्ह भेटकर उज्जवल भविष्य की कामना करते हुये सम्मान किया। यह दिन देश के बहादुर बेटों के अदम्य साहस, शौर्य और सर्वोच्च बलिदान की याद दिलाता है। यह दिन न केवल हमें गर्व से भर देता है बल्कि यह भी याद दिलाता है कि देश की रक्षा के लिए हम सभी को हर तरह की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहना चाहिए। इस दिन आप अपनों को देशभक्ति से ओतप्रोत संदेश भेजकर उन्हें भी कारगिल दिवस की याद दिला सकते हैं। भूतपूर्व सैनिको ने उपस्थित युवाओं को संबोधित करते हुए कारगिल विजय दिवस की वीर गाथा साझा की। जिससे सभी में देशभक्ति और शहीदों के प्रति सम्मान की भावना और भी प्रगाढ़ हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसके जैन संरक्षक डॉ एपीजे अब्दुल कलाम कम्प्यूटर साक्षरता समिति जैन ने की। कार्यक्रम प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार ने सभी अतिथियों व युवाओं का आभार वक्त किया। इस अवसर पर शोभित जैन प्रबंध निदेशक डॉ एपीजे अब्दुल कलाम साक्षरता समिति, राहुल प्रबंध निदेशक डांस अकदमी, दीपेंद्र सिंह मण्डल अध्यक्ष, प्राची जैन, श्रेया, सना, इसरार, पूजा राहुल सहित 80 युवाओं की उपस्थिति रही।

## यूजीसी नेट में वैशाली शाह ने किया जिले का नाम रोशन

सिधौली (सीतापुर)। हाल ही में घोषित यूजीसी नेट परीक्षा परिणाम में सिधौली कस्बा के मोहल्ला बाजार निवासी वैशाली शाह ने इतिहास विषय में 96.7 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस उल्लेखनीय सफलता का श्रेय वैशाली ने अपने माता-पिता, गुरुजनों एवं कड़ी मेहनत को दिया है। वैशाली ने बताया कि निरंतर अभ्यास, सही मार्गदर्शन और आत्मविश्वास के बल पर यह सफलता संभव हो पाई। उन्होंने युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और प्रयास ईमानदार हों तो कोई भी मंजिल दूर नहीं।

## वीडियो वायरल,आशा बहू ने बनवाये फर्जी जन्म प्रमाणपत्र

सिधौली(सीतापुर)। अहमदपुर जट गांव निवासी एक आशा बहू द्वारा फर्जी जन्म प्रमाण पत्र जारी कराने का मामला सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। वायरल हो रहे एक वीडियो में आशा बहू इरफाना एक युवक को थप्पड़ मारती दिख रही है और दावा कर रही है कि उसने 300 से अधिक जन्म प्रमाण पत्र बनवाए हैं। मामला सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। मामले की शुरूआत तब हुई जब अहमद पुर जट गांव के सूरज पुत्र राम स्वरूप ने अपने चचेरे भाई आयुष वर्मा का आधार कार्ड बनवाने के लिए जनसुनवाई केन्द्र का रुख किया। वहां जन्म प्रमाण पत्र स्कैन न होने पर उसे फर्जी करार दिया गया, जब सूरज ने यह बात गांव की आशा बहू इरफाना से पूछी तो वह भड़क गई और युवक को थप्पड़ मार दिया। घटना का वीडियो मौके पर मौजूद व्यक्ति ने रिकॉर्ड कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। पीड़ित युवक सूरज ने सिधौली कोतवाली में तहरीर देकर आशा बहू के खिलाफ शिकायत की लेकिन पुलिस ने मारपीट के मामले में सुलह समझौता कराकर कार्रवाई से किनारा कर लिया। वहीं स्वास्थ्य विभाग ने भी मामले में आशा बहू से सिर्फ एक शपथ पत्र लेकर पूरे प्रकरण को रफा-दफा करने की कोशिश की। पीड़ित युवक की चाची सुनीता देवी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक के समक्ष दिए बयान में कहा कि उन्होंने जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के लिए आशा बहू को 2000 रुपये दिए थे, लेकिन जो प्रमाण पत्र मिला, वह न तो मान्य था और न ही उसका बारकोड स्कैन हो रहा था। पूछे जाने पर सीएचसी अधीक्षक आनंद कुमार सिंह ने बताया कि आशा बहू और पीड़ित महिला दोनों के शपथ पत्र प्राप्त हुए हैं। पीड़िता ने रुपये देने की बात स्वीकारी है जबकि आशा बहू ने शपथ पत्र में इनकार किया है कि उसने प्रमाण पत्र बनवाया। अधीक्षक के अनुसार यह प्रमाण पत्र सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा जारी नहीं किया गया, बल्कि किसी प्राइवेट जनसुनवाई केंद्र से बनवाया गया प्रतीत हो रहा है। उन्होंने तकनीकी जानकारी देते हुए बताया कि फर्जी प्रमाण पत्र शुरूआती दो दिनों तक असली जैसे दिखते हैं, लेकिन बाद में उनका बारकोड स्कैन नहीं होता। पूरे मामले की रिपोर्ट व एफिडेविट जिला चिकित्सअधिकारी कार्यालय को भेज दी गई है, जहां से आगे की कार्रवाई की जाएगी। प्रमुख सवाल उठते हैं यदि(300) प्रमाण पत्र बनवाने का दावा सही है, तो क्या इनकी जांच हुई? क्या सिधौली क्षेत्र में फर्जी प्रमाण पत्रों का कोई संगठित रैकेट सक्रिय है? इस संबंध में भाजपा नेता उपेंद्र त्रिपाठी ने फर्जी जन्म प्रमाण पत्रों की जांच व क्षेत्र के जनसुनवाई केन्द्रों की जांच करवाने की मांग उठाई है।

## कांवड़ यात्रा के दौरान दो पक्षों में मारपीट

सीतापुर। नगर कोतवाली क्षेत्र के जीआईसी चैराहे पर शनिवार देर रात कांवड़ यात्रा के दौरान उस समय अफरा-तफरी मच गई जब बाइक की मामूली टक्कर के बाद दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों ओर से लाठी-डंडे चलने लगे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कांवड़ियों के एक साथी की बाइक की टक्कर के बाद कहासुनी शुरू हुई जो देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गई। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर हमला कर दिया, जिससे मौके पर भगदड़ की स्थिति बन गई। मारपीट का वीडियो मौके पर मौजूद लोगों ने बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया जो तेजी से प्रसारित हो रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लिया। प्रभारी निरीक्षक अनूप शुक्ला ने बताया कि बाइक टकराने के बाद दो पक्षों में विवाद हुआ था। फिलहाल किसी भी पक्ष की ओर से तहरीर प्राप्त नहीं हुई है, पुलिस मामले की जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि घटनास्थल पर शांति व्यवस्था बहाल कर दी गई है और स्थिति सामान्य है। पुलिस वायरल वीडियो के आधार पर भी तथ्यों की जांच कर रही है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और यदि कोई भी व्यक्ति दोषी पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। कांवड़ यात्रा के चलते शहर में भारी भीड़ है और ऐसे में प्रशासन ने सभी से संयम बनाए रखने की अपील की है।

## ट्रैक्टर पलटने से दबकर चालक की मौत

रेउसा(सीतापुर)। रविवार को थाना थानगाँव क्षेत्र में अनियंत्रित ट्रैक्टर पलटने से चालक की मौके पर हुई मौत थाना रामपुर कलां क्षेत्र के लौना गाँव निवासी सरोज (30)पुत्र फकीरे अपने भाई विवेक के साथ रामपुर कलां थाना क्षेत्र के एबीएफ भट्ठे से ट्रैक्टर ट्राली में ईंटें भरकर थानगाँव क्षेत्र की ग्राम पंचायत मानपुर में लगाए जा रहे खड़ंजा कार्यस्थल पर आया था। रास्ता खराब होने के चलते चालक द्वारा कुछ ईंटें कार्यस्थल पर उतार दिया गया। और कुछ ईंटें भरी हुई ट्राली लेकर गनेशपुर चहलारी बांध पर बरुवा बेहड़ की ओर चढ़ाई करने लगा। असावधानीवश ट्रैक्टर ट्राली का संतुलन बिगड़ गया और देशराज के बँगले के निकट ट्रैक्टर पलट गया जिसके नीचे दब जाने से ट्रैक्टर चालक सरोज की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचायतनामा भर कर पीएम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया।

## सड़क पर दिखा मगरमच्छ, दहशत



सीतापुर। लहरपुर इलाके की ग्राम पंचायत भदफर में शनिवार रात के समय सड़क पर विशालकाय मगरमच्छ दिखाई दिया। इस घटना से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। मगरमच्छ को देखते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों की हलचल और शोर के कारण मगरमच्छ वापस तालाब में चला गया। यह पहली बार नहीं है जब इस गांव में मगरमच्छ सड़क पर आया है। इससे पहले भी ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं। ग्रामीण अजय गुप्ता, अरूण कुमार और सुरेश ने बताया मगरमच्छ के अचानक सड़क पर आने से क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया है। ग्रामीण रात के समय सड़क पर निकलने से डर रहे हैं। स्थानीय प्रशासन से इस समस्या के समाधान की मांग की जा रही है। वन दरोगा ओमप्रकाश ने बताया कि मौके पर टीम भेजी जा रही है।

## सपा नेता ने मरीज की आर्थिक मदद की



पाटन, उन्नाव। बीघापुर तहसील क्षेत्र के नगर पंचायत भगवंतनगर निवासी कैंसर पीड़ित राजू बेलदार की मदद के लिए समाजवादी पार्टी के युवा नेता अंकित सिंह परिहार ने मानवीय पहल करते हुए आगे आकर आर्थिक सहायता प्रदान की। निजी प्रयासों से जुटाई गई धनराशि को उन्होंने अस्पताल में जमा कराकर मरीज को जीवन की नई आशा दी।

जानकारी के अनुसार, राजू बेलदार लंबे समय से कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं और इलाज के लिए आर्थिक संसाधनों की कमी के कारण उनका उपचार रुकने की स्थिति में था। यह जानकारी जब सपा नेता अंकित सिंह परिहार को हुई तो उन्होंने बिना किसी औपचारिकता के सहायता का हाथ बढ़ाया और इलाज हेतु जरूरी रकम निजी स्तर पर व्यवस्था कर अस्पताल में जमा कराई। श्री परिहार ने स्वयं अस्पताल की जमा रसीदें राजू बेलदार को सौंपते हुए उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने कहा कि राजनीति का असली मकसद जनसेवा है और ऐसे मौके पर किसी जरूरतमंद की मदद करना ही इंसानियत की असली पहचान है। राजू बेलदार और उनके परिजनों ने इस सहयोग के लिए भावुक होकर आभार व्यक्त किया। परिजनों ने बताया कि जब कोई सहारा नहीं दिख रहा था, तब अंकित सिंह परिहार ने न सिर्फ मदद की, बल्कि मानसिक संबल भी दिया। स्थानीय नागरिकों ने भी इस मानवीय कदम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे जनप्रतिनिधि ही समाज में सकारात्मक उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। क्षेत्र में अंकित परिहार की पहल को लेकर प्रशंसा का माहौल है।

## टीएससीटी पंचम स्थापना दिवस पर सीतापुर टीम को मिला प्रदेश मंच से सम्मान



सीतापुर। विपरीत परिस्थितियों में शिक्षकों के परिवारों की आर्थिक चिंता को दूर करने की दिशा में अग्रसर टीचर्स सेल्फ केयर टीम टी.एस.सी.टी. ने अपनी पंचम वर्षगांठ पर एक नई उपलब्धि दर्ज की।

लखनऊ स्थित बाबा साहब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में जनपद की उत्कृष्ट भूमिका को प्रदेश मंच से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में टीएससीटी के संस्थापक अध्यक्ष विवेकानंद, महामंत्री सुधेश पांडे, कोषाध्यक्ष संजीव रजक, एवं आई.टी.सेल समेत प्रदेश कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे। उन्होंने जनपद सीतापुर के टॉप-3 सहयोगी ब्लॉकों द्द बेहटा (प्रथम), बिसवां (द्वितीय) और हरगांव (तृतीय) को विशेष सम्मान प्रदान किया। जनपद को हर वर्ष प्रदेश के टॉप पांच में बनाए रखने वाले 8000 से अधिक सदस्यों की सक्रिय भागीदारी का भी विशेष उल्लेख किया गया। इस सम्मान समारोह में जिले के जिला संयोजक विजय कुमार श्रीवास्तव, जिला प्रवक्ता, मीडिया प्रभारी, जिला सह-संयोजक, तथा आई.टी.सेल प्रभारी समेत सभी ब्लॉक संयोजक और पदाधिकारी शामिल रहे। जिला संयोजक विजय श्रीवास्तव ने कहा, ह्लयह सम्मान सिर्फ मेरा नहीं, पूरे जिले और ब्लॉक टीम के समर्पण और हमारे देवतुल्य शिक्षकों की ऊर्जा का परिणाम है। यह मुहिम अब एक आंदोलन बन चुकी है। जिसमें पीड़ित परिवारों के दर्द को दूर करने की शक्ति है। कार्यक्रम का एक भावुक क्षण वह रहा जब दिवंगत शिक्षक स्व. कृष्ण कुमार गौतम कंपोजिट विद्यालय गौर चैखड़िया, ब्लॉक बेहटा के परिवार को लगभग 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता सौंपी गई। उनकी पत्नी श्रीमती मीनाक्षी को टीएससीटी की टीम ने ह्यसहयोग अलर्ट 65ह्ण के तहत यह मदद प्रदान की। टीएससीटी द्वारा विगत 5 वर्षों में 150 करोड़ रुपये से अधिक की आर्थिक सहायता दिवंगत शिक्षकों के परिवारों को दी जा चुकी है, जो इस मुहिम की पारदर्शिता, समर्पण और व्यापकता को दशार्ता है।

## अवैध कैंसर सेवा संस्थान पर चला प्रशासन का चाबुक, सीज

सीतापुर। लहरपुर तहसील के ग्राम पूरनपुर पांडेसराय में स्वास्थ्य विभाग की कृपा से एक साल से अवैध रूप से संचालित हो रहे सदाशिव कैंसर सेवा संस्थान एंड आयुर्वेदिक रिसर्च सेंटर पर जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द के आदेश पर स्वस्थ्य विभाग ने कार्रवाई की। बतातें चलें कि कई बार शिकायत होने के बाद भी स्वास्थ्य विभाग की कृपा से संचालित हो रहे उपरोक्त अस्पताल पर मात्र दिखाावे भर ही कार्रवाई की जाती थी। उसके बाद फिर यह अस्पताल बेधड़क असाध्य रोगो का इलाज करने में जुट जाता था। इस बार डीएम अभिषेक आनन्द को गोपनीय शिकायत इस अस्पताल की प्राप्त हुई।

मामले की गम्भीरता को देखते हुए डीएम ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेश कुमार को अस्पताल पर कड़ी कार्रवाई के लिए निर्देशित किया। जिसके बाद सीएमओ निर्देश पर डिप्टी नोडल अधिकारी डॉ. दिनेश त्रिपाठी, सीएचसी अधीक्षक डॉ. अरविंद बाजपेई, नायब तहसीलदार अशोक यादव और पुलिस टीम ने संयुक्त रूप से छापा मारा। छापेमारी के दौरान टीन शेड के नीचे भीषण गर्मी में करीब 10-12 कैंसर पीड़ित मरीज भर्ती मिले। ये मरीज अयोध्या, शामली, कानपुर, गोला, लखीमपुर और गोंडा जैसे जिलों से आए थे। मरीजों की दयनीय स्थिति देखकर अधिकारियों ने तुरंत अस्पताल को सीज करने का निर्णय लिया। सीएचसी अधीक्षक डॉ. बाजपेई ने सभी मरीजों को एंबुलेंस की व्यवस्था कर बस स्टेशन लहरपुर भेजवाया। एक अयोध्या निवासी मरीज के पास किराया न होने पर अधीक्षक ने स्वयं पैसे देकर उसे रवाना कराया।

छापेमारी के समय अस्पताल संचालक मौके पर नहीं मिला। इसलिए टीम ने अस्पताल के गेट पर सील करने का नोटिस चस्पा कर दिया। स्थानीय लोगों और मरीजों के अनुसार यह संस्थान लंबे समय से बिना किसी लाइसेंस और पंजीकरण के गंभीर रोगों का इलाज कर रहा था। इससे मरीजों के जीवन को खतरा था। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध चिकित्सीय संस्थानों के खिलाफ कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। किसी को भी मरीजों के जीवन से खिलवाड़ करने नहीं दिया जाएगा।

## विद्यालय में मातृ सम्मेलन का आयोजन

हरगांव(सीतापुर)। सरस्वती शिशु मंदिर हरगांव के द्वारा मातृ सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय मे अध्ययन कर रहे छात्र और छात्राओ की माताओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम की अध्यक्ष कामिनी वर्मा व मुख्य अतिथि नीलम सिंह ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन किया कार्यक्रम का प्रारम्भ मां सरस्वती की वंदना के साथ हुआ। आचार्या सीमा ने माताओं से शिशु विकास में विद्यालय की उनसे जो अपेक्षाएं है उन पर चर्चा की। साथ ही माताओं से आवाहन किया विद्यालय से उन्हें जो अपेक्षा हो या सुझाव हो तो उसे विद्यालय को प्रदान करें। अंत में प्रधानाचार्य ने माताओं से भैया बहिनों की दिनचर्या का पालन अच्छे संस्कारों प्रेरणादाई कहानियों को सुनने का आग्रह किया पौष्टिक आहार व कुटुंब प्रबोधन का भी विषय रखा। अध्यक्षीय भाषण के बाद कार्यक्रम का समापन कल्याण मंत्र के साथ संपन्न हुआ। आचार्या सीमा, शिखा, स्वाती, कीर्ति सहित विद्यालय के सभी अध्यापक, अधयापिकाये सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## जलाभिषेक के लिए कांवड़ियों का जत्था रवाना

सिधौली(सीतापुर)। कस्बा के सैकड़ो की संख्या में कांवड़िया नैमिषारण्य के लिए रवाना हुए लेंगे गोमती नदी से जल करेंगे सिद्धेश्वर महादेव का रुद्राभिषेक आज रविवार को कस्बा के महमूदाबाद चौराहा स्थित इंद्रप्रस्थ लॉन से सैकड़ो की संख्या में शिवभक्त कांवडिया शोभायात्रा निकालते हुए नैमिषारण्य धाम के लिए रवाना हुए। जहां से देव देवेश्वर धाम स्थित पवित्र गोमती नदी से जल लेकर नैमिषारण्य से 40 किलोमीटर की पैदल यात्रा करते हुए सिधौली सोमवार को पहुंचेंगे और सिद्धेश्वर महादेव मंदिर स्थित भगवान सिद्धेश्वर महादेव का जलाभिषेक करेंगे।

## प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश तेजी से आगे बढ़ रहा: अचिन मेहरोत्रा

सीतापुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात से देश को संबोधित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात के इस 124 वे संस्करण को भारतीय जनता पार्टी के निवर्तमान जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने सीतापुर विधानसभा क्षेत्र के रामकोट मंडल के शक्ति केंद्र खटकरी की बूथ संख्या 150 पर कौशल त्रिपाठी के आवास पर सुना। इस मौके पर निवर्तमान जिला अध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश के हर क्षेत्र पर अपने विचार रखे हैं। उनके विचार स्पष्ट करते हैं कि वह हर दिन भारत को आगे बढ़ते देखना चाहते हैं जिसका प्रयास निरंतर जारी है। पीएम ने मन की बात में कहा कि पिछले कुछ हफ्तों में, चाहे वह खेल हो, विज्ञान हो या संस्कृति, बहुत कुछ ऐसा हुआ है जिस पर हर भारतीय को गर्व है। हाल ही में अंतरिक्ष से शुभांशु शुक्ला की वापसी पर देश में खूब चर्चा हुई। इंस्पायर मानक योजना का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि इस अभियान का नाम तो सुना ही होगा। यह बच्चों में नवाचार को बढ़ावा देने का अभियान है। इसमें हर स्कूल से पांच बच्चे चुने जाते हैं। हर बच्चा एक नया विचार लेकर आता है। राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस को लेकर प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि 23 अगस्त को नेशनल स्पेस डे है। 21वीं सदी के भारत में विज्ञान नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रहा है।

# युद्ध गोलियों-बंदूकों से ही नहीं जीते जाते

## संसाधन प्रबंधन ऑपरेशन सिंदूर की सफलता में एक निर्णायक कारक था : राजनाथ

एजेंसी

वडोदरा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को कहा कि पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान में आतंकवादी ढांचे को निशाना बनाकर भारतीय सशस्त्र बलों की ओर से मई में शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता में विभिन्न एजेंसियों द्वारा संसाधनों (लॉजिस्टिक) का प्रबंधन एक निर्णायक कारक था। राजनाथ वडोदरा में रेल मंत्रालय के तहत आने वाले गति शक्ति विश्वविद्यालय के तीसरे दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों और अध्यापकों को डिजिटल माध्यम से संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, दुनिया जिस तेजी से बदल रही है, वह प्रभावी एवं चौंकाने वाली भी है।

रक्षा क्षेत्र भी बदल रहा है और युद्ध के तरीकों में भी बड़े बदलाव देखने को मिल रहे हैं। आज के दौर में युद्ध सिर्फ बंदूकों और गोलियों से नहीं, बल्कि समयबद्ध तरीके (चीजों का प्रबंधन करने) से जीते जाते हैं। राजनाथ ने इस बात पर जोर दिया कि संसाधनों का प्रबंधन युद्ध के मैदान में देश का भाग्य तय करता है। उन्होंने कहा कि जीत और हार जरूरी संसाधनों से तय होती है और ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पूरी दुनिया ने इसे देखा। राजनाथ ने कहा ऑपरेशन सिंदूर की सफलता में संसाधनों का प्रबंधन एक निर्णायक कारक था। विभिन्न एजेंसियों ने हमारे सशस्त्र बलों को जुटाने से लेकर सही समय पर



सही जगह पर आवश्यक सामग्री पहुंचाने तक, जिस तरह से जरूरी संसाधनों का प्रबंधन किया, वह ऑपरेशन सिंदूर की सफलता में एक निर्णायक कारक साबित हुआ। उन्होंने कहा कि लॉजिस्टिक को केवल सामान पहुंचाने की प्रक्रिया के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए, बल्कि इसे रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण क्षेत्र माना जाना चाहिए। रक्षा मंत्री ने कहा संसाधन ही युद्धक्षेत्र को युद्धक्षेत्र बनाते हैं। संसाधनों के बिना, यह एक असमंजस का क्षेत्र बन जाएगा। युद्ध के दौरान अगर हथियार और गोला-बारूद सही समय पर सही जगह न पहुंचें, तो इसका कोई मतलब नहीं है। हमारा संसाधन प्रबंधन जितना मजबूत होगा, हमारी सीमाएं भी उतनी ही सुरक्षित होंगी। उन्होंने कहा आज हम ऐसे दौर में हैं, जहां ताकत सिर्फ हथियारों से नहीं, बल्कि समय पर संसाधन प्रबंधन से मापी जाती है।

चाहे युद्ध हो, आपदा हो या वैश्विक महामारी, यह सिद्ध हो चुका है कि जो राष्ट्र अपनी आपूर्ति शृंखला को मजबूत रखता है, वह सबसे स्थिर, सुरक्षित और सक्षम होता है। राजनाथ ने कहा कि सेना के लिए संसाधन प्रबंधन का मतलब है कि हथियार, ईंधन, राशन और दवाइयां बिना किसी देरी के दूर-दराज के इलाकों तक पहुंचें, जबकि नौसेना के मामले में इसका अर्थ यह सुनिश्चित करना है कि जहाजों को समय पर कलपुर्जे और अन्य उपकरण उपलब्ध हों। रक्षा मंत्री ने कहा और हमारी वायु सेना के लिए इसका मतलब यह सुनिश्चित करना है कि जमीनी सहायता और निर्बाध ईंधन आपूर्ति की मदद से जेट विमान बिना किसी बाधा के उड़ान भरना जारी रखें। जरा सोचिए, अगर हमारे पास उन्नत मिसाइल प्रणालियां हैं, लेकिन उन्हें प्रक्षेपित करने के लिए जरूरी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण समय पर नहीं पहुंचते, तो उस तकनीकी का कोई फायदा नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पीएम गति शक्ति पहल, लॉजिस्टिक एकीकरण के विचार का ही विस्तार है।

# धनखड़ के इस्तीफे का कारण नहीं पता : खरगे



विजयपुरा (कर्नाटक)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को कहा कि उन्हें जगदीप धनखड़ के उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा देने के वास्तविक कारण के बारे में कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि धनखड़ को बताना होगा कि वास्तव में क्या हुआ था, क्योंकि मामला उनके और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच का है। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि धनखड़ ने हमेशा सरकार का पक्ष लिया। उन्होंने कहा कि जब भी विपक्ष ने मुद्दे उठाने की कोशिश की, चाहे वह किसानों या गरीबों से संबंधित हो या विदेश नीति से जुड़ा हो, उन्होंने कभी भी विपक्ष को ऐसा करने की अनुमति नहीं दी। यह सवाल पूछे जाने पर कि क्या धनखड़ को किसानों के पक्ष में बोलने के कारण इस्तीफा देने के लिए मजबूर होना पड़ा, खरगे ने कहा, मुझे ये सब जानकारी नहीं है। वह (धनखड़) हमेशा सरकार के पक्ष में रहे। उन्हें बताना चाहिए कि क्या हुआ था। खरगे ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा, जब हमने किसानों, गरीबों, अंतरराष्ट्रीय मुद्दों या विदेश नीति से संबंधित कई मुद्दे उठाए तो उन्होंने (राज्यसभा में सभापति के तौर पर) हमें कभी मौका नहीं दिया। उन्होंने कहा, जब हमने गरीबों, महिलाओं, दलितों और वंचितों पर अत्याचार तथा हिंदू-मुस्लिम टकराव जैसे मुद्दों पर नोटिस देकर मुद्दे उठाने की कोशिश की, तो उन्होंने हमें मौका नहीं दिया। यह (धनखड़ के उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफे का कारण) उनके और मोदी के बीच का मामला है। हमें इस बारे में कोई जानकारी नहीं है। धनखड़ ने 21 जुलाई की शाम अचानक चिकित्सा कारणों का हवाला देते हुए उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया, जिससे राजनीतिक हलकों में अटकलें तेज हो गईं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को भेजे अपने त्यागपत्र में धनखड़ ने कहा कि वह स्वास्थ्य देखभाल को प्राथमिकता देने के लिए तत्काल प्रभाव से पद छोड़ रहे हैं। कांग्रेस की कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष को बदलने के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में खरगे ने कहा, ये सारी बातें अभी नहीं कही जा सकतीं। बाद में बोलेंगे। वर्तमान में, उपमुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार विस्तारित कार्यकाल के लिये कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) के अध्यक्ष पद पर हैं। राज्य में सत्तारूढ़ कांग्रेस के भीतर उन्हें बदलने की आवाज उठ रही है, क्योंकि वह दो प्रमुख पदों पर हैं।

## संक्षेप

### ज्ञान के बिना अधिकार किसी काम के नहीं : न्यायाधीश गवई

श्रीनगर। प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई ने रविवार को कहा कि ज्ञान के बिना अधिकार किसी काम के नहीं हैं। उन्होंने नागरिकों को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करने के महत्व पर जोर दिया। न्यायमूर्ति गवई ने राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (एनएएलएसए) के उत्तरी क्षेत्र क्षेत्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि अतीत की विसंगतियों को दूर करने और कश्मीर को उसके पुराने स्वरूप में लौटाने की जरूरत है, जहां सभी समुदाय सद्भाव के साथ रहते थे। उन्होंने कहा न्यायाधीशों और वकीलों को मिलकर देश के अंतिम नागरिक के लिए न्याय सुनिश्चित करना होगा। नालसा इसी दिशा में काम करता है। हम नालसा के काम को देश के दूरदराज के इलाकों तक ले जाने की कोशिश कर रहे हैं-चाहे वह लद्दाख हो, पूर्वोत्तर हो या राजस्थान। जब तक लोगों को अपने अधिकारों का ज्ञान नहीं होगा, तब तक इन अधिकारों का कोई मतलब नहीं है। कश्मीर की पिछले 35 वर्षों की स्थिति का स्पष्ट संदर्भ देते हुए प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि कुछ विसंगतियां रही हैं, जिन्हें दूर करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कुछ विसंगतियां रही हैं, लेकिन हमें इन्हें दूर करने के लिए काम करना होगा।

# फिल्म पायरेसी में शामिल लोगों को तीन साल कैद की सजा दी जा सकेगी : केंद्र

एजेंसी

नयी दिल्ली। डिजिटल पायरेसी पर लगाम लगाने के लिए केंद्र सरकार ने कानूनों में संशोधन करके फिल्मों की अवैध रिकॉर्डिंग और प्रसारण में शामिल लोगों के लिए तीन साल तक की कैद और निर्माण लागत के पांच प्रतिशत तक के कठोर जुर्माने का प्रावधान किया है। पायरेसी का आशय सॉफ्टवेयर, संगीत, फिल्मों और पुस्तकों जैसी कॉपीराइट सामग्री के अनधिकृत पुनरुत्पादन, वितरण या उपयोग से है। सरकार ने फिल्म पायरेसी के खिलाफ प्रावधानों को मजबूत करने के लिए दो साल पहले सिनेमैटोग्राफ अधिनियम में ये बदलाव किए थे। सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री एल. मुरुगन ने पिछले हफ्ते संसद को बताया, इन संशोधनों में न्यूनतम तीन महीने की कैद और तीन लाख रुपये के जुर्माने की सख्त सजा शामिल है, जिसे तीन साल की कैद और ऑडिट की गई सकल निर्माण लागत के पांच प्रतिशत तक के जुर्माने तक बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सिनेमैटोग्राफ अधिनियम की धारा 6एए और 6एबी फिल्मों की अनधिकृत रिकॉर्डिंग और प्रसारण पर रोक लगाती है।

# जम्मू-कश्मीर में अतिवादी तत्वों को न दें जगह : रिजीजू

एजेंसी

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के लोगों को बेहद सकारात्मक और प्रगति चाहने वाला बताते हुए केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू ने रविवार को कहा कि देश के बाहर से कुछ अराजक तत्व केंद्र शासित प्रदेश में शांति और विकास को पटरी से उतारने की कोशिश कर रहे हैं।

रीजीजू ने कहा कि एक मजबूत भारत एक मजबूत जम्मू-कश्मीर के बिना अधूरा है और स्थानीय युवाओं को आश्वासन दिया कि हम आपको अपनी आवाज बुलंद करने और अपनी बात कहने का पूरा मौका देकर आपको गौरवान्वित करेंगे। कश्मीर विश्वविद्यालय में पूर्व छात्र सम्मेलन



2025 को संबोधित कर रहे संसदीय एवं अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री ने जोर देकर कहा कि राजनेताओं को देश के हित में राजनीतिक मतभेदों को भूलना चाहिए और प्रेम की दुकानें खोलने के बजाय प्रेम के मार्ग पर एक साथ चलना चाहिए। उन्होंने अप्रैल में कश्मीर की अपनी पिछली यात्रा के दौरान डल झील के किनारे एशिया के सबसे बड़े ट्यूलिप गार्डन में जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के साथ हुई अपनी आकस्मिक मुलाकात का भी जिक्र किया और कहा कि सुबह-सुबह अचानक हुई इस मुलाकात से राजनीतिक तूफान खड़ा हो गया, जो नहीं होना चाहिए था।

मंत्री ने कहा, हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हम उस महान यात्रा, विकसित भारत यात्रा का हिस्सा बनें। इसलिए, हम आएंगे और सभी बाधाओं को पार करेंगे। हमें राजनीतिक मतभेदों को भूलना होगा। हम अलग-अलग राजनीतिक मैदानों पर हो सकते हैं। आइए हम प्यार और खुशी के साथ आगे बढ़ें।

# संसद में चर्चा से पहले राहुल पाक के विमर्श को दोहरा रहे : भाजपा

एजेंसी

नयी दिल्ली। सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने रविवार को राहुल गांधी पर पाकिस्तान का विमर्श आगे बढ़ाने का आरोप लगाया। राहुल गांधी ने आरोप लगाया था कि पहलगाम हमले के बाद किसी भी देश ने भारत का समर्थन नहीं किया जबकि सत्तारूढ़ दल का दावा है कि 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के बाद सभ्य दुनिया भारत के साथ खड़ी थी।



भाजपा के आईटी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, पहलगाम आतंकी हमले के बाद राहुल गांधी ने पूछाः किसने समर्थन किया हमें? वे लगातार पाकिस्तान की घिसी-पिटी रट दोहराते रहते हैं कि भारत अंतरराष्ट्रीय मंच पर अकेला पड़ गया है। आइए इस झूठ को पूरी तरह उजागर करें। उन्होंने कहा, पहलगाम हमले के बाद पूरी सभ्य दुनिया भारत के साथ खड़ी थी। वॉशिंगटन से टोक्यो तक, पेरिस से कैनबरा तक, देशों ने इस कायराना हमले की एक स्वर में निंदा की और भारत के आतंकवाद के खिलाफ संघर्ष को बिना किसी झिझक के समर्थन दिया। उन्होंने दावा किया कि कोई भी देश पाकिस्तान की भाषा नहीं बोलता और गांधी को छोड़कर पूरी दुनिया भारत के साथ खड़ी है। गांधी सरकार पर उसकी विदेश नीति को लेकर निशाना साधते रहे हैं। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष गांधी ने हाल ही में कहा था, एक तरफ आप (सरकार) कहते हैं कि ऑपरेशन सिंदूर जारी है और दूसरी तरफ आप कहते हैं कि जीत हासिल हो गई है। या तो जीत हासिल हो गई है या (ऑपरेशन) सिंदूर जारी है। (अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड) ट्रंप कह रहे हैं कि मैंने (ऑपरेशन) सिंदूर रोक दिया, वह यह 25 बार कह चुके हैं।

इसलिए, कुछ न कुछ तो दाल में काला है। राहुल गांधी ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत द्वारा संपर्क किये जाने के एक सवाल पर कहा, उन्होंने (सरकार ने) हमारी विदेश नीति को नष्ट कर दिया है, किसी ने हमारा समर्थन नहीं किया। नेता प्रतिपक्ष के दावे पर पलटवार करते हुए मालवीय ने कहा, संयुक्त राज्य अमेरिका ने इसे घृणित हमला बताया और आतंकवाद विरोधी सहयोग को पूरी तरह दोहराया।

# कांग्रेस ने एससी, एसटी व ओबीसी को लेकर सरकार पर साधा निशाना

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने रविवार को केंद्रीय विश्वविद्यालयों में अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए रिक्त आरक्षित पदों को लेकर नरेन्द्र मोदी सरकार की आलोचना की और आरोप लगाया कि इन श्रेणियों को उचित रोजगार के अवसरों से वंचित करने के लिए उपयुक्त नहीं पाया गया प्रावधान को हथियार बनाया जा रहा है।

कांग्रेस महासचिव एवं संचार प्रभारी जयराम रमेश ने सरकार पर हमला करने के लिए पिछले सप्ताह शिक्षा राज्य मंत्री सुकांत मजूमदार द्वारा संसद में दिए



गए लिखित उत्तर का हवाला दिया। राज्यसभा में 23 जुलाई को एक प्रश्न के उत्तर में मजूमदार ने कहा कि प्रोफेसर के पद के वास्ते, एससी समुदाय के लिए आरक्षित 308 सीटों में से 111 भरी जा चुकी हैंअ एसटी समुदाय के लिए 144 सीटों में से 24 भरी जा चुकी हैं और 423 सीटों में से 84 भरी जा चुकी हैं। उन्होंने कहा था कि एसोसिएट प्रोफेसर के वास्ते, एससी के लिए 632 पदों में से 308 भरे जा चुके हैंअ एसटी के लिए 307 पदों में से 108 भरे जा चुके हैंअ और ओबीसी के लिए 883 पदों में से 275 भरे जा चुके हैं। सहायक प्रोफेसर के वास्ते, एससी के लिए 1370 पदों में से 1180 भरे जा चुके हैंअ एसटी के लिए 704 पदों में से 595 भरे जा चुके हैंअ और ओबीसी के लिए 2382 पदों में से 1838 भरे जा चुके हैं।

रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि राज्यसभा में एक प्रश्न के उत्तर में मोदी सरकार ने केंद्रीय विश्वविद्यालयों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित संकाय पदों पर रिक्तियों के चौंका देने वाले स्तर का खुलासा किया है।

# हरिद्वार मंदिर में भगदड़ की घटना व्यवस्था की विफलता : केजरीवाल

एजेंसी

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने रविवार को हरिद्वार के मनसा देवी मंदिर में मची भगदड़ की घटना को लेकर जवाबदेही तय किए जाने की मांग करते हुए कहा कि यह महज एक दुर्घटना नहीं, बल्कि व्यवस्था की विफलता है।

पुलिस ने बताया कि मनसा देवी मंदिर क्षेत्र में रविवार को भगदड़ मचने से छह श्रद्धालुओं की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। हरिद्वार के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र सिंह डोभाल ने वीडियो को बताया कि मंदिर जाने की सीढ़ियां जहां से शुरू होती हैं, वहां करंट की अफवाह से श्रद्धालु घबरा गए, जिसके कारण भगदड़ मच गई।

केजरीवाल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, धर्मनगरी हरिद्वार के मनसा देवी मंदिर में मची भगदड़ की हृदयविदारक घटना से मन व्यथित है। जिन श्रद्धालुओं ने अपने प्रियजनों को खोया, ईश्वर उन्हें शक्ति दे और दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करे। उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थलों पर ऐसी भयावह घटनाएं व्यवस्थाओं की लापरवाही को उजागर करती हैं।

## इंटरटेनमेंट...

# परेश रावल का 'हेरा फेरी-3' छोड़ना पब्लिसिटी स्टंट!

मुंबई। कुछ समय पहले ही परेश रावल फिल्म हेरा फेरी 3 छोड़ने से सुर्खियों में आ गए थे। अक्षय ने एक्टर को अचानक फिल्म छोड़ने पर लीगल नोटिस भी भेजा था, लेकिन फिर अचानक सब ठीक हो गया। इसके बाद से ही खबरें थीं कि लीगल नोटिस और फिल्म छोड़ने की खबरें पब्लिसिटी स्टंट हैं। हालांकि अब अक्षय कुमार ने इस पर सफाई देते हुए कहा है कि उनके बीच हुआ झगड़ा रियल था, क्योंकि पब्लिसिटी स्टंट में लीगल झगड़े को शामिल नहीं किया

**अक्षय कुमार बोले- लीगल झगड़े पब्लिसिटी स्टंट का हिस्सा नहीं होते हैं, ये रियल था, अब सब ठीक**

जाता है। हाल ही में अक्षय कुमार से पूछा गया था कि क्या परेश रावल का फिल्म छोड़ना पब्लिसिटी स्टंट है। इसके जवाब में एक्टर ने हिंदुस्तान




टाइम्स से कहा है, नहीं, ये पब्लिसिटी स्टंट नहीं था। ये लीगल हो गया था। जब लीगल चीजें इन्वॉल्व होती हैं, तो हम इसे पब्लिसिटी स्टंट नहीं कह सकते। ये रियल था।

आगे अक्षय ने कहा है, लेकिन अब सब कुछ ठीक हो गया है। जल्द ही एक अनाउंसमेंट हो सकती है। हां, कुछ ऊंच-नीच जरूर हुई थी, लेकिन अब सब ठीक हो चुका है और हम फिर साथ आ चुके हैं और हमेशा साथ रहेंगे। बस इतना ही।

दरअसल, बीते साल फिल्म हेरा फेरी 3 अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी और परेश रावल के साथ अनाउंस हुई थी। इस फिल्म के लिए सभी ने कॉन्ट्रैक्ट साइन किया था, लेकिन फिर अचानक परेश रावल ने एक इंटरव्यू में ये अनाउंस कर दिया कि वो फिल्म छोड़ रहे हैं।

# 'अंग्रेजी मीडियम' में राधिका ने स्टारकिड को किया था रिप्लेस

**मुंबई**। एक्ट्रेस राधिका मदान दिवंगत एक्टर इरफान खान के साथ फिल्म 'अंग्रेजी मीडियम' में नजर आई थीं। इस फिल्म से उनके करियर को आगे बढ़ाने में काफी मदद मिली। लेकिन फिल्म रोल पाने के लिए एक्ट्रेस डायरेक्टर के पीछे पड़ गई थीं। काफी मशक्कत के बाद उन्हें ऑडिशन का चांस मिला था।

दरअसल, फराह खान के नए कुकिंग ब्लॉग में राधिका ने बताया कि कैसे उन्होंने 'अंग्रेजी मीडियम' के लिए लड़ाई लड़ी। उन्होंने ये भी बताया कि उस रोल के लिए पहले ही किसी और को चुन लिया था। लेकिन वो गई, लड़ीं और डायरेक्टर को परेशान करते हुए कहा, 'कृपया मेरा ऑडिशन ले लीजिए। अंग्रेजी के लिए पहले किसी




को लॉक कर लिया था। मैं जाकर लड़ गई थी कि मेरा ऑडिशन ले लो। उन्होंने मुझसे कहा कि मैडम हमें 17 साल की लड़की चाहिए। मैंने उनसे कहा कि मैं कर लूंगी। फिल्म के डायरेक्टर होमी अदजानिया ने इरिटेट होकर बोल दिया कि इसका ऑडिशन कर लो। मैं शिद्दत के लिए गई थी।

# अनुपम खेर को किराए के घर में मिलती हैं शांति

मुंबई। दिग्गज एक्टर अनुपम खेर बॉलीवुड में चार दशक से सक्रिय हैं लेकिन आज भी उनके पास खुद का घर नहीं है। वो किराये के घर में रहते हैं। हाल ही में अनुपम द पावरफुल ह्यूमन्स पॉडकास्ट में शामिल हुए, जहां उन्होंने इस पर बात की और बताया कि कई घर खरीदने के पैसे होने बाद भी वो किराये के घर में क्यों रहते हैं। अनुपम ने कहा, 'मैं डिप्रेसिंग बातें नहीं करना चाहता। जब इंसान चला जाता है, तब घर को लेकर झगड़ा जरूर हो सकता है। लेकिन पैसों में बंटवारा करना हो, तब ज्यादा झगड़ा नहीं होता है। मैं सुबह पार्क में वॉक करने जाता हूं। मैं बहुत सारे बुजुर्गों को देखता और उनसे बात करता हूं। उनकी कहानियां सुनकर मैं दंग रह जाता हूं।

# 'सैयारा' के टाइटल ट्रैक का स्पॉटिफाइ पर जलवा

मुंबई। फिल्म 'सैयारा' ने पिछले दो हफ्ते से बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा रखी है। फिल्म का म्यूजिक एल्बम सोशल मीडिया और लोगों के जुबान पर है। दुनिया भर में फिल्म के गाने को सुना जा रहा है। अब फिल्म के नाम एक और रिकॉर्ड जुड़ गया है। फिल्म का टाइटल ट्रैक स्पॉटिफाई पर ग्लोबल वायरल 50 में नंबर वन बन गया है। इस बात की जानकारी फिल्म के म्यूजिक कंपोजर तनिष्क बागची ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में दी है। उन्होंने स्पॉटिफाई का एक स्क्रीनशॉट

**ग्लोबल वायरल 50 में बना नंबर वन, म्यूजिक कंपोजर ने कहा- हमने कर दिखाया**

शेयर करते हुए इंस्टाग्राम पर लिखा- हमने कर दिखाया। सैयारा अब स्पॉटिफाई के ग्लोबल वायरल चार्ट में नंबर 1 पर है। ये पल उस हर धड़कन का है, जिसने इस गाने को महसूस किया। धन्यवाद मोहित सूरी सर झ आपकी सोच और विजन के बिना ये मुमकिन नहीं था। इरशाद भाई, आपके शब्द दिलों को छू गए। अर्सलान और फहीम, आपकी धुन और




आवाज ने इस गाने को आसमान तक पहुंचा दिया। यशराज, हम पर यकीन करने के लिए शुक्रिया। और सबसे बड़ा धन्यवाद हर उस श्रोता का, जिसने सुना, शेयर किया, महसूस किया। भारतीय म्यूजिक उभर नहीं रहा है। यह पहले से ही उड़ान भर रहा है। सैयारा इसका सबूत है। तनिष्क के पोस्ट पर फैंस जमकर प्यार लुटा रहे हैं। स्पॉटिफाई इंडिया की तरफ से लिखा गया है- दिल से दुनिया तक, सैयारा ग्लोबल इमोशन है। एक यूजर ने पूरी टीम को बधाई देते हुए इसे गर्व का पल बताया। एक यूजर लिखती हैं। तनिष्क आपको, फहीम और आपकी बैंड को बहुत-बहुत बधाई। ऐसी खूबसूरत आवाज बहुत समय बाद सुनी है।

अभी हम इश्क और सजदे के खुमार से नहीं निकले थे कि एक और मास्टरपीस दे दिया आप लोगों ने। एनडीटीवी की खबर अनुसार, अहान पांडे और अनीत पड्डा स्टारर फिल्म 'सैयारा' का टाइटल ट्रैक पहला बॉलीवुड गाना है, जिसने स्पॉटिफाई के टॉप 50 ग्लोबल चार्ट में अपनी जगह बनाई है। बता दें कि सैयारा में छह गाने हैं और सभी गाने स्पॉटिफाई टॉप 50 इंडिया में टॉप 10 में बने हुए थे। सबसे खास बात ये है कि हॉलीवुड गानों को पीछे छोड़ते हुए सैयारा के टाइटल ट्रैक ने अपनी जगह बनाई है। 'सैयारा' के टाइटल ट्रैक को गीतकार इरशाद कामिल ने लिखा है और कश्मीरी सिंगर फहीम अब्दुल्ला ने गाया है।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com